卐 श्री सदगुरू देवाय नमः 卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐श्याम बाबा卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 350 ♦पृष्ठ 8 ♦रूद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बृहस्पतिवार ♦28 सितम्बर 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com | 9897427585 | UTTARANCHAL DARPAN | www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## नहीं रहे हरित क्रांति के जनक

नई दिल्ली (उद ब्यूरो)।भारत को हरित क्रांति की सौगात देने वाले महान वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन का 98 साल की उम्र में गुरुवार को निधन हो गया। कृषि वैज्ञानिक एम. एस. स्वामीनाथन को 'हरित क्रांति के पिता' भी कहा जाता है। 7 अगस्त 1925 को तमिलनाडु के कुम्भकोणम में जन्मे एम. एस. स्वामीनाथन पौधों के जेनेटिक वैज्ञानिक थे। उन्होंने 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए थे। एमएस स्वामीनाथन को 1967 में 'पद्म श्री', 1972 में 'पद्म भूषण' और 1989 में :पद्म विभूषण' से सम्मानित



किया जा चुका था। स्वामीनाथन सिर्फ भारत ही नहीं दुनियाभर में सराहे जाते थे। हरित क्रांति कार्यक्रम के तहत ज्यादा उपज देने वाले गेहूं और चावल के बीज गरीब किसानों के खेतों में लगाए गए थे। इस वजह से भारत खाद्यान्न मामले में आत्मनिर्भर बन गया था। स्वामीनाथन ने 1943 में बंगाल के अकाल और देश में भोजन की कमी के अनुभव के बाद कृषि के क्षेत्र में प्रवेश करने का निर्णय लिया था। उन्होंने जूलॉजी और एग्रीकल्चर दोनों से विज्ञान में स्नातक की डिग्री ली थी। 1960 के दशक में भारत बड़े पैमाने पर अकाल के कगार पर था। तब एमएमएस स्वामी नाथन ने अमेरिकी वैज्ञानिक नॉर्मन बोरलॉग और दूसरे कई वैज्ञानिकों के साथ मिलकर गेहूं की उच्च पैदावारवाली किस्म एचवा ईवी बीज विकसित किए थे। स्वामीनाथन ने भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद में 1972 से 1979 तक और अंतर्राष्ट्रीय चावल अनुसंधान संस्थान में 1982 से 88 तक महानिदेशक के रूप में काम किया।

## राज्यपाल ने केदारनाथ धाम में की पूजा अर्चना

देहरादून (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के राज्यपाल लें.ज. गुरमीत सिंह गुरुवार सुबह केदारनाथ धाम पहुंचे। जिलाधिकारी डॉ. सौरभ गहरवार व पुलिस अधीक्षक डॉ. विशाखा ने वीआईपी हेलीपैड पर उनका स्वागत किया। इसके बाद राज्यपाल



तीर्थ पुरोहितों से मिले। पुरोहित समाज ने परंपरागत मंत्रोच्चारण के साथ उनका स्वागत व अभिनंदन किया। राज्यपाल ने सभी तीर्थ पुरोहितों से भेंट करने के बाद बाबा केदार की पूजा अर्चना कर प्रदेश व देश की मंगलकामना की। (शेष पृष्ठ सात पर)

## साईबर ठगी की जिससे की शिकायत वो निकला महाठग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। साईबर ठगी के शिकार एक व्यक्ति को कस्टमर केयर पर शिकायत करना भारी पड़ गया। 10 हजार 451 रूपये खाते से गायब होने की शिकायत कस्टमर केयर पर जिससे की गयी उसने पैसे वापस दिलाने

**दस हजार वापस लेने के चक्कर में 1.58 लाख रूपये भी गंवाये**

का झांसा देकर 1 लाख 58 हजार 388 रूपये खाते से उड़ा लिये। पीड़ित पंतनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूल रूप से ग्राम गागर जिला पंचायत निवासी उर्वादत्त उपाध्याय पुत्र पूर्णानंद उपाध्याय अजीएच गेस्ट हाउस में कार्यरत है और पंतनगर की झा कालोनी में निवासरत है। उसने पंतनगर थाने में दी तहरीर में बताया कि मोबाइल पर आये मैसेज से उसे पता चला कि उसके खाते से 10,451 कट चुके हैं । उसने पंजाब नेशनल बैंक का कस्टमर केयर नंबर ऑनलाइन लेकर बात की कस्टमर केयर से बात करने पर उसे बताया गया कि आपके खाते से जो पैसे कटे हैं मैं वापस कर रहा हूं । आपके मोबाइल नंबर पर एक ओटीपी आएगा। आप उसको बताना । ओटी की जानकारी देने के बाद खाते में पैसे वापस आने के बजाय 1,56,388 रूपये और गायब हो गये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा मोहल्ले में एक युवक की संदिग्ध हालातों में मौत हो गयी। सूचना पर



पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार रात विनोद नाम के युवक का शव रम्पुरा में ही सत्ता के घर पर बरामद हुआ। विनोद की मौत कैसे हुयी इसका अभी पता नहीं चल पाया है। विनोद के परिजनों को जब घटना को पता चला तो उनमें कोहराम मच गया। उधर सूचना पर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में मृतक की भाभी त्रिवेणी पत्नी राजू ने एक तहरीर पुलिस को दी है जिसमें उसने कहा है कि रात दस बजे जब वह अपनी जेठानी के साथ घर पर थी तभी रम्पुरा में शोर मचने लगा कि सत्ता के घर पर किसी की लाश पड़ी है। त्रिवेणी के मुताबिक जब वह जेठानी के साथ सत्ता के घर गये तो वहां विनोद की लाश थी जब तक परिवार के अन्य लोग आते तब तक शव को सत्ता ने एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भिजवा दिया। तहरीर में मौत को संदिग्ध बताते हुए कानूनी कार्रवाई की मांग की गयी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## पुलिस ने पकड़ा 120 किलो प्रतिबंधित मांस

किच्छा (उद संवाददाता)। पुलिस द्वार करवाही करते हुए अलग अलग स्थानों से 120 किलो अवैध मांस बरामद किया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पुलभट्टा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम शाहदोरा गन्ने के खेत में मोहम्मद अहमद पुत्र ना मालूम निवासी शाहदोरा अलीपुर थाना पुलभट्टा एक अन्य नाम पता अज्ञात के कब्जे से 80 किलो प्रतिबंध गौमांस गौ कशी के उपकरण बरामद कर दोनों फरार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना पुल भट्टा में मुकदमा उत्तराखंड गोवंश अधिनियम के तहत पंजीकृत किया गया है। अभियुक्त अहमद पुत्र हंसमुद खान (शेष पृष्ठ सात पर)

## बदमाशों ने हाईवे पर राहगीर से नगदी और सामान लूटा

**रम्पुरा चौकी के निकट हुई वारदात, अंधेरे का फायदा उठा रहे बदमाश**

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। रम्पुरा चौकी से महज करीब दो सौ मीटर की दूरी पर बदमाशों ने एक राहगीर को लूट लिया। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर राहगीर को बंधक बनाकर झाड़ियों में ले और उसके साथ जमकर मारपीट की और नगदी के साथ ही सामान भी लूट लिया। पीड़ित ने बदमाश के चंगुल बमुश्किल अपनी जान बचायी। दूधियानगर वार्ड 13 निवासी बलवीर मौर्य पुत्र रामलाल 26 सितम्बर की रात बिलारी मुरादाबाद से वापस रूद्रपुर रोडवेज स्टेशन पहुंचा। सारी नही मिलने के कारण वह पैदल ही अपने निवास की ओर चल पड़ा। रात्रि करीब एक बजे जैसे ही वह रम्पुरा चौकी और कुष्ठ आश्रम से आगे ट्रंचिग ग्राउन्ड की ओर बढ़ा, तभी अंधे का फायदा उठाकर अज्ञात बदमाशों ने उस पर हमला कर दिया और उसको झाड़ियों मे ले जाकर लूटपाटकी। बदमाशों ने 2470 रूपये की नगदी, मोबाइल और बैग आदि छीन लिया। इसके बाद बदमाश हत्या के इरादे से उसे शमशान घाट के पास सुनसान जगह पर ले जाने लगे। झाड़ियों के पीछे ले जाने लगे। लेकिन किसी तरह वह उनके चंगुल से छूटकर आया। बता दें इसी जगह पर रात में पहले भी इसी तरह की कई घटनायें हो चुकी है। बताया जाता है कि रात के समय में नशेड़ी और अपराधिक तत्वों ने इस इलाके को सुरक्षित ठिकाना बना रखा है। जबकि यहां से महज करीब 200 मीटर पर चौकी है। बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर यहां वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। क्यों कि यहां (शेष पृष्ठ सात पर)

## काशीपुर में विकास कार्यों को लगेंगे पंख

**दिसंबर व मार्च तक दोनों फ्लाईओवर के निर्माण कार्य हो जाएंगे खत्म, मल्टीलेवल पार्किंग के लिए 19 करोड़ 83 लाख मंजूर**

काशीपुर(उद संवाददाता)। शहर में दो स्थानों पर पिछले लगभग 6 वर्षों से तैयार हो रहा फ्लाईओवर का निर्माण कार्य अब लगभग अंतिम चरण में है। बाजपुर रोड पर तैयार हो रहा रेलवे ओवर ब्रिज का निर्माण कार्य 15 दिसंबर तक पूर्ण कर लिया जाएगा। इसी तरह रामनगर रोड पर तैयार हो रहा फ्लाईओवर 15 मार्च से 30



मार्च के बीच बनकर पूरी तरह तैयार हो जाएगा। उक्त बातें आज पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने रामनगर रोड स्थित कॉरपोरेट ऑफिस में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कही। उन्होंने कहा कि बाजपुर रोड पर तैयार होने वाले फ्लाईओवर को लगभग 6 वर्ष पूरे हो गए। इसी तरह रामनगर रोड (शेष पृष्ठ सात पर)

## ईद मिलादुन्नबी पर धूमधाम से निकला जुलूस ए मोहम्मदी

रूद्रपुर/काशीपुर/किच्छा/सितारगंज। हजरत मोहम्मद साहब का जन्म दिवस पर धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर शहर में जुलूस ए मोहम्मदी निकालकर अमन चैन की दुआ की गयी। जुलस ए मोहम्मदी विभिन्न मार्गों से होकर गुजरा जगह जगह जुलूस का स्वागत किया गया। शहर में जुलूस के स्वागत के लिए जगह जगह तोरण द्वार लगाये गये थे। इस दौरान सुरक्षा के भी कड़े इंतजाम रहे। महानगर कांग्रेस कमेटी की ओर से डीडी चौक पर जुलूस का स्वागत किया गया। **काशीपुर-** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश के मौके पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी नगर की सड़कों पर जुलूस ए मोहम्मदी के रूप में सद्भावना जुलूस पूरे शानो शौकत के साथ निकाला गया। महाराणा प्रताप चौराहे पर नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं ने जुलूस ए मोहम्मदी का इस्तकबाल करते हुए जुलूस में शामिल लोगों को फल एवं जूस का वितरण किया। इसी तरह नगर के दर्जनों स्थानों पर सामाजिक संगठनों एवं गणमान्य लोगों द्वारा जुलूस ए मोहम्मदी का स्वागत करते हुए जुलूस में शामिल लोगों को फल जूस बिस्किट तहरी बिरयानी आदि खाद्यान्न सामग्री का वितरण किया गया। इस दौरान किसी भी अप्रिय घटना से निपटने के लिए पर्याप्त (शेष पृष्ठ सात पर)









# गदरपुर में ईद मिलादुन्नबी पर्व पर निकाला जुलूस

## आका की आमद मरहबा, हुजूर की आमद मरहबा के नारों से गूंजा शहर, सेवा में खाने-पीने के स्टॉल लगाये, भारी पुलिस फोर्स तैनात

गदरपुर( उद संवाददाता)। पैगंबर मोहम्मद साहब के योमै पैदाइश का दिन ईद मिलादुन्नबी के रूप में धूमधाम से मनाया गया। साप्ताहिक बाजार इतवार बाजार के पास से ईद मिलादुन्नबी का जुलूस शुरू हुआ जो नगर में होते हुए बस अड्डा पुल के आगे से वापसी होते हुए इस्लामनगर वार्ड नंबर 8 और 9 में समापन किया वहीं सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस प्रशासन भी चप्पे चप्पे पर मौजूद रहा। शहर और आसपास के इलाकों में शानो शौकत से जुलूस निकाला गया। जुलूस में कई जगह लोगों ने अकीदत के साथ जुलूस में जा रहे लोगों का स्वागत किया। जगह-जगह मुस्लिम समाज के लोग जुलूस में आने वाले लोगों की सेवा में खाने-पीने के स्टॉल लगाए हुए नजर आये। समाज सेवी मोहम्मद आलम ने बताया कि मुस्लिम समुदाय के लोग ईद मिलादुन्नबी का पर्व धूमधाम से मनाते हैं इस दिन इस्लाम धर्म के संस्थापक हजूर



सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम की पैदाइश और रुखसती का दिन भी है जिनकी याद में यह पर्व मनाया जाता है वही जुल्फिकार अली ने बताया कि ईद मिलादुन्नबी पर्व पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन के मौके पर मनाया जाता है। इस दौरान जुलूस में शाकिर अली, जुल्फिकार अली, मोहम्मद आलम, मोहम्मद अमीन, मोहम्मद अजीम, सलीम बाबा, समीर उर्फ देवा, नजाकत, शराफत अली, फहीम खान, मोहम्मद अली, महफूज भाई, सिब्ते नबी, मोहम्मद जुनेद, मोहम्मद शादाब, हाशिम, शाह हुसैन, इमरान अली, फुरकान अली, इलियास, कमल, मुनाजिर, रब्बानी सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद रहे। ईद मिलादुन्नबी के मौके पर गदरपुर पुलिस प्रशासन भी चुस्त नजर आया। थाना अध्यक्ष राजेश पांडे अपनी पूरी टीम के साथ जुलूस का भ्रमण करते नजर आए और सुरक्षा की दृष्टि से जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा वही खुफिया विभाग के सब इंस्पेक्टर मोहम्मद रिजवान खान भी जुलूस में मौजूद रहे।

## स्वागत द्वार नहीं बनाए जाने से मुस्लिम समाज में भारी रोष

गदरपुर। ईद मिलादुल नबी के त्यौहार को जोर शोर के साथ मनाए जाने को लेकर एक ओर मुस्लिम समाज खासकर युवाओं में भारी उत्साह देखने को मिला। तो वहीं दूसरी ओर नगर के मुख्य मार्गो पर स्वागत द्वारा ना सजाये जाने पर लोग तरह-तरह की तीखी प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। लोगों का कहना है कि प्रत्येक वर्ष जुलूस के स्वागत के लिए रंग-बिरंगे आकर्षक द्वार बनाए जाते थे। परंतु इस साल स्वागत गेट ना बनाया जाना बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है। जबकि नगर पालिका की कमान भी एक ऐसी शख्सियत के पास है जोकि मुस्लिम समाज से ताल्लुक रखते हैं। इसलिए समाज के लोगों को जुलूस के स्वागत को लेकर काफी उम्मीदें थी परन्तु स्वागत द्वार न बनाए जाने से कही ना कहीं समाज के लोगों की भावनाएं भी आहत हुई है।





# पूर्व विधायक चैंपियन के परिवार को सुरक्षा देने की अनुमति पर हाईकोर्ट ने मांगा जवाब

## प्रदेश में मुख्यमंत्री, राज्यपाल सहित 197 वीआईपी को मिले हैं 610 गनर

नैनीताल( उद संवाददाता)। नैनीताल हाईकोर्ट ने राज्य सरकार की ओर से पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन के परिवार को नियमविरुद्ध तरीके से पांच सुरक्षा गार्ड और निजी वाहन को पायलट कार बनाकर हूटर बजाने की अनुमति देने के मामले में सुनवाई की। इस दौरान हाईकोर्ट ने गृह सचिव, डीजीपी, आईजी सुरक्षा, हरिद्वार के एसएसपी, हरिद्वार के जिलाधिकारी समेत कुंवर देब्यानी, कुंवर नरेंद्र सिंह, कुंवर दिब्यप्रताप सिंह और कुंवर प्रणव सिंह चैंपियन को नोटिस जारी कर चार सप्ताह में जवाब पेश करने के लिए कहा है। मामले की अगली सुनवाई आठ दिसंबर को होगी। मुख्य न्यायाधीश विपिन सांघी व न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। हरिद्वार निवासी इमरान ने जनहित याचिका में कहा था कि खानपुर से पूर्व विधायक कुंवर प्रणव सिंह चौंपियन समेत उनके परिवार के कुल चार सदस्यों को नियमविरुद्ध तरीके से पांच सरकारी



सुरक्षा गार्ड दिए गए हैं।जब वे घर से बाहर निकलते हैं तो अपनी सुरक्षा का दुरुपयोग करते हैं। बेवजह हूटर बजाते हैं। याचिकाकर्ता ने न्यायालय को बताया कि कुंवर प्रणव सिंह को कोई धमकी या थ्रेट नहीं है कि उन्हें सुरक्षा दी जाए। याचकिा में कहा गया कि वर्ष 2016 में उच्च न्यायालय ने सरकार को निर्देश जारी करते हुए कहा था कि किन-किन लोगों को सुरक्षा दी जाएगी, इस पर राज्य सरकार एक कमेटी गठित करे। इस कमेटी की जांच के बाद ही सुरक्षा देने की मंजूरी दी जाए लेकिन अभी तक सरकार ने इस आदेश का पालन नहीं किया है। सिर्फ एक प्रार्थनापत्र के आधार पर सुरक्षा दी जा रही है जो सरकारी तंत्र का दुरुपयोग है। याचिका कर्ता का कहना था कि वर्तमान में उत्तराखंड सरकार ने 197 वीआईपी लोगों को 610 गनर दिए हैं जिसमें मुख्यमंत्री, राज्यपाल ,उच्च न्यायालय के न्यायाधीश सहित सभी वीआईपी शामिल हैं। याचिका में कोर्ट से प्रार्थना की गई है कि जिन लोगों को सुरक्षा दी गई है उनकी जांच की जाए कि उन्हें किस आधार पर शुरक्षा दी गई है।

# विधायक सुमित ने किया तीन विकास योजनाओं का लोकार्पण

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। विधायक सुमित हृदयेश ने जिला खनिज फाउंडेशन एवं विधायक निधि पूर्ण 3 योजनाओं का लोकार्पण किया।विधानसभा क्षेत्रांगत वार्ड 10 और वार्ड 50 में 56 लाख की लागत से 3 सीसी मार्गों का लोकार्पण किया गया। वार्ड 10 के नवाबी रोड खोलिया कंपाउंड और कलावती कॉलोनी में सीसी संपर्क मार्ग तथा वार्ड- 50 मे गणेश विहार फेज 2 में सीसी मार्ग का लोकार्पण विधायक सुमित द्वारा स्थानीय पार्षदों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया। सुमित हृदयेश ने कहा कि विकास की देवी स्व. डॉ. इंदिरा हृदयेश के पदचिन्हों पर चलते हुए हल्द्वानी के चहुमुखी विकास के लिए हरसंभव प्रयास जारी है। आम जनमानस के सुगम आवागमन हेतू हल्द्वानी को गड्ढा मुक्त



करने की दिशा में विधायक निधि से जितना संभव हो लगातार कार्य किया जा रहा है। लोकार्पण कार्यक्रम में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राहुल छिमवाल, पार्षद अनुराधा नेगी, पार्षद नीमा भट्ट, जगमोहन चिलवाल, तारा चंद्र गुरुरानी, एनबी गुणवंत, हरेंद्र बोरा, डीके पंत, नेत्र बल्लभ जोशी, खीम सिंह चौहान, अजय साह, हेम जोशी, महेन्द्र कुमार, सौरभ भट्ट, संदीप भैसोड़ा, हृदयेश शर्मा, देवेंद्र नेगी, सुदर्शन परमार, योगेश कांडपाल, गोपाल गंगोला आदि उपस्थित रहे।

# बाबा श्याम संकीर्तन में भजनों पर झूमे श्रद्धालु

गदरपुर (उद संवाददाता)। नगर के दिनेशपुर रोड स्थित कार्तिक गार्डन को न्यू कार्तिक गार्डन बनाते ही अखिल भारतीय श्याम परिवार के सेवादार वैभव बत्रा ने अपने नए कार्य का शुभारम्भ करने से पूर्व सर्वप्रथम बाबा श्याम का भव्य संकीर्तन का आयोजन किया। वरिष्ठ पत्रकार सुरजीत बत्रा के सुपुत्र वैभव बत्रा द्वारा बाबा श्याम के संकीर्तन की बात जब परिवार के समक्ष रखी तो पूरे बत्रा परिवार ने खुशी का इजहार करते हुए तत्काल ही बाबा के सकीर्तन की तैयारी शुरू कर दी और बाबा श्याम का बुलावा सभी शुभचिन्तको को देना शुरू कर दिया।बाबा श्याम के सुंदर आयोजन में न्यू कार्तिक गार्डन का नया रंगरूप देखकर हर किसी ने प्रशंसा की और वही बाबा श्याम के दर्शन कर जीवन को सफल बनाने की अर्जी लगाई ।बाबा श्याम के संकीर्तन का शुभारम्भ बाबा श्याम के प्रेमी अभिषेक शर्मा द्वारा की गई।तो वही श्याम जगत के विख्यात भजन प्रवाहक मास्टर बॉबी ने मधुर मधुर भजनों का गुणगान किया। उपस्थित श्याम प्रेमियों को झूमने ओर नाचने पर मजबूर कर दिया। वही बत्रा परिवार द्वारा श्याम सकीर्तन में आये श्याम प्रेमियों का धन्यवाद किया वही अखिल भारतीय श्याम परिवार के प्रेमियों ने भी बढ़ चढ़ कर बाबा के भजनों पर नृत्य कर बाबा श्याम को रिझाया। बाबा श्याम के चरणों मे श्री श्याम मित्र मंडल के प्रेमियों ने भी अर्जी लगाई और बाबा के दर्शन किये।। इस दौरान विजय अनेजा, सन्टी कालड़ा, कपिल चन्द्रा, राहुल चंद्रा, सचिन बत्रा, रोहित सुदामा, गौरव बत्रा, गौरव तेजवानी,गोल्डी गाबा,केशव गुम्बर,जीतू गंगवार,लविश गाबा, मनीष फुटेला,मुनि भुसरी,नरेश पसरीचा,महक चौधरी,यशपाल गुम्बर,रोबिन फुटेला, साहिल नारंग, शोभित हुड़िया, विक्की मरवा, अंकित गगनेजा,अंकुश अनेजा, कुनाल ग्रोवर, गुड्डू भैया,निखिल मुंजाल,मोहित अग्रवाल, देव चौधरी,यश कालड़ा, रोहित कम्बोज, सचिन गाबा, रजत गाबा, विक्की भुसरी,सन्नी हुड़िया, समन मुंजाल, सार्थक सुखीजा, मुकेश चावला,सागर ठक्कर,चिराग अनेजा, दीपक खेड़ा, संजीव कुमार, यशपाल गुम्बर, सावन गुम्बर,वंश गाबा, विवेक गुप्ता,हिमांशु गगनेजा, अमन नारंग, अंकित अग्रवाल, चेतन कक्कड़, विशाल बत्रा, वैभव बत्रा,नितिन छाबड़ा, लविश ग्रोवर, अक्षित गगनेजा, वैभव गगनेजा, विपिन बठला,दीपक डाबर, बाबू बठला, गोलू कालड़ा,दीपक सेतिया कपिल कामरा,मनीष सेतिया, मुकेश झाम,साहिल मदान,नितिन बत्रा, पारस पोपली, ऋषभ बठला, शुभम बत्रा, विवेक शर्मा , अंकुर चावला,गौरव मिगलानी,चेतन मैनी , भास्कर कुमार, मनीष गुंबर, मिक्की पोपली, टिप्सन नरूला, गौरव भुड्डी,शुभम गगनेजा, अनमोल भुड्डी,राजू शर्मा, अमित डिंगड़ा ,रजत कालड़ा,नरेश प्रजापति, प्रियांशु गुप्ता ,वंश गुप्ता ,दिव्यांश गुंबर ,हनुमत भुड्डी, सौरभ सैनी, सुमित शर्मा, पीयूष माटा सहित भारी संख्या में श्याम प्रेमी उपस्थित रहे।।







रेरा एप्रूव्ड कालोनी
30 से 60 तक चौड़ी सड़कें,
बड़े-बड़े पार्क, गेट बंद कालोनी
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा,
सीवरेज, स्ट्रीट लाईट

डायनामिक गार्डन सिटी
तोमर कंस्ट्रक्शन
श्री राधा स्वामी सत्संग घर गेट नं. 7 के सामने किच्छा रोड, रूद्रपुर
मोबा. 9557222289,7088169159

☞ 100 से 400 गज तक के प्लाट
☞ 100,160, 200 गज विला
☞ खरीदने व बेचने हेतु सम्पर्क करें।
100 से अधिक परिवार रह रहे हैं

आवश्यकता है
रूद्रपुर नैनीताल रोड स्थित एक रेस्टोरेंट में किचन हेतु एक अनुभवी कारीगर (इंडियन/ चाईनीज)की आवश्यकता है। जिसे दो से तीन वर्ष का अनुभव हो।
-: सम्पर्क करें:-
9012586701
8393920958

# रामलीला मैदान में ध्वज की हुई स्थापना




हल्द्वानी (उद संवाददाता)।आज प्रातः रामलीला संचालन समिति श्री रामलीला कमेटी के निर्देशन में ध्वज स्थापना कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। जिसमें पंडित गोपाल दत्त द्वारा विधि विधान से पूजा कर ध्वज की स्थापना की गई। पूजन में मुख्य रूप से नगर मजिस्ट्रेट व रिसीवर रामलीला कमेटी ऋचा सिंह, मेयर जोगिंदर सिंह रौतेला, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संचालक डॉक्टर निलंबर भट्ट, रूपेंद्र नागर , पूर्व मेयर रेनू अधिकारी आदि गणमान्य लोग मौजूद थे। सैकड़ो लोगों द्वारा ध्वज की स्थापना की गई।

बिकाऊ है
करतार पुर रोड पर बेहत फार्म स्थित 22 एकड़ कृषि भूमि।
घर,गोदाम,पार्किग शैड, ट्यूबवैल आदि मौजूद
सम्पर्क करें:
09815123221,09779777117

# राज्य में बढ़ते अनैतिक कृत्यों के खिलाफ भड़के कांग्रेसी



हल्द्वानी (उद संवाददाता)। गत दिनों ऋषिकेश और फिर हल्द्वानी के पास एक रिसोर्ट मे अवैध रूप से कैसिनो और बार का संचालन होने की खबर से गुस्साये कांग्रेसियों ने बुद्ध पार्क मे विधायक सुमित हृदयेश और जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल के नेतृत्व में राज्य की भाजपा सरकार का पुतला दहन कर भाजपा पर देवभूमि को शर्मसार करने की बात कही। विधायक सुमित ने कहा कि एक साल पूर्व इसी प्रकार के अनैतिक कृत्यों में लिप्त एक रिसोर्ट के कारण उत्तराखंड ने अपनी एक होनहार बेटी को खोया और जिसको अभी तक न्याय नही मिल पाया है। इसके विपरीत अनैतिक कृत्यों का कारोबार राज्य सरकार के संरक्षण में फलफूल रहा है। इस प्रकार के हर रिसोर्ट से सत्ताधारी भाजपा के नेताओ के संबंध जगजाहिर है। जिलाध्यक्ष राहुल छिमवाल ने कहा कि देवभूमि को शर्मसार करने वालो को किसी भी कीमत पर बक्सा नहीं जाना चाहिए। चाहे वो सत्ताधारी भाजपा के करीबी ही क्यो ना हो। पुलिस प्रशासन को अवैध कैसिनो और इस प्रकार के अनैतिक कृत्यों से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति का नाम पता सार्वजनिक करना चाहिए। महिला महानगर अध्यक्ष नीमा भट्ट और प्रदेश महिला महामंत्री शोभा बिष्ट ने कहा कि अवैध बार और जुए के कारण सबसे ज्यादा खतरा हमारी बेटियों के सर पर मंडरा रहा है और महिलाओं को अब अपनी और अपनी बेटियों की सुरक्षा के लिए खुद आगे आना होगा। यूथ कांग्रेस पूर्व प्रदेश अध्यक्ष गुरप्रीत प्रिंस और युंका विधानसभा अध्यक्ष मोकिन सैफी ने कहा कि नशा और जुआ हमारी युवा पीढ़ी को बर्बाद कर रहा है। एक तरफ सरकार नशे के खिलाफ जंग का एलान करती है वही पर्दे के पीछे से इस प्रकार के अनैतिक कृत्यों को पूरा संरक्षण देती है। पुतला दहन करते समय सभी ने नाम खोलो नाम खोलो के नारे के साथ भाजपा सरकार मुर्दाबाद के नारे लगाये और उत्तराखंड को कलंकित और शर्मसार करने वालो के खिलाफ ठोस कानूनी कार्यवाही करने की बात कही। पुतला दहन करने वालो में एनबी गुणवन्त, सुहैल सिद्दीकी, जीवन कार्की, पार्षद रवि जोशी, राजेन्द्र जीना, जाकिर हुसैन, राजेन्द्र बिष्ट, मोना शर्मा, सीएम पांडे, मलय बिष्ट, गोविंद बगडवाल, राजेन्द्र उपाध्याय, अशोक जोशी, गिरीश पांडे, मनोज श्रीवास्तव, तस्कीन अहमद, गीता बहुगुणा, कमला तिवाड़ी, विमला सांगुड़ी, सविता गुरुरानी, पुष्पा नेगी, सौरभ भट्ट, संदीप भैसोड़ा, अमित रावत, लाल सिंह पंवार, संजय जोशी, नदीम सैफी आदि मौजूद थे।

## कैसिनो में मिले सफेदपोशों को पुलिस ने बचाया: सुमित हृदयेश

हल्द्वानी। नैनीताल पुलिस ने ज्योलिकोट क्षेत्र के पास एक रिजॉर्ट में अवैध तरीके से खेले जा रहे हैं कैसिनों के मामले में कार्रवाई करते हुए बड़ी संख्या में गिरफ्तारी की थी। पुलिस ने 21 युवक और कैसिनों में शराब परोस रही 12 बार बालाओं को गिरफ्तार किया। लेकिन अब पुलिस पर यह आरोप लग रहे हैं कि सत्ता से जुड़े कुछ सफेदपोश लोगों को पुलिस ने बचा लिया है। क्योंकि यह वह सफेद पोश लोग हैं जिनकी पकड़ देहरादून तक है। जो होटल का संचालन कर रहे थे। ऐसे में कांग्रेस ने इसको मुद्दा बनाते हुए जमकर प्रदर्शन किया। विधायक सुमित हृदयेश ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पुलिस ने काम अच्छा किया है। लेकिन अधूरा किया है। जो वहां के संचालक है वो सफेद पोश लोग जिनका दखल ऊपर तक है जिनके ऊपर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की है। यह पता लगाना भी आवश्यक है कि होटल में यह गौरख धंधा कब से चल रहा है। साथ ही होटल के खे कब के बाद से अब तक की सीसी टीवी फुटेज भी सार्वजनिक करनी चाहिए। ताकि सारी तस्वीर सामने आ सके। बिना किसी उच्च राजनीतिक संरक्षण के इस तरह के काम नहीं हो सकते। उन्होंने पुलिस से मांग की है कि जो सफेद पोश लोग इसके पीछे शामिल है उनका नाम सामने आना चाहिए और उनके खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की जानी चाहिए। उत्तराखंड के अंदर नेपाल जैसा कैसिनों का कल्चर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही इस रिजॉर्ट के शुभारंभ के दौरान शहर के कई प्रतिष्ठित लोग पहुंचे थे। जो बीजेपी से जुड़े हुए हैं। विधायक सुमित ने अपने अंदाज में बोलते हुए कहा तोते की जान बसी है शैतान में और शैतान की जान तोते में बसी हैं।

# मायावती आश्रम भी आ सकते हैं पीएम मोदी ,पुलिस ने सुरक्षा बढ़ाई

पिथौरागढ। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अक्तूबर में पिथौरागढ़ के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए सुरक्षा एजेंसियां चौकस हो गई हैं। नैनीसैनी हवाई अड्डे से लेकर प्रस्तावित जनसभा स्थल सुरेंद्र सिंह वल्दिया स्पोर्ट्स स्टेडियम तक प्रत्येक घर, कार्यालय, निजी कार्यालय सभी जगह पुलिस लोगों का सत्यापन कर रही है।धारचूला के नारायण आश्रम, आदि कैलाश आदि स्थानों पर भी लोगों का सत्यापन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री का 11 और 12 अक्तूबर को आदि कैलाश, नारायण आश्रम में भ्रमण और पिथौरागढ़ में जनसभा का कार्यक्रम प्रस्तावित है।थाना पांगला पुलिस और एसएसबी ने भी नेपाल सीमा पर कांबिंग की। अंतरराष्ट्रीय सीमा से लगे क्षेत्रों में मादक पदार्थों, अवैध शराब की बिक्री, तस्करी और सीमा पर संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी की जा रही है। झूलाघाट पर भी एसएसबी और पुलिस टीम चेकिंग अभियान चला रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मायावती आश्रम भी आ सकते हैं। बुधवार को डीएम नवनीत पांडे के नेतृत्व में जिले के आला अधिकारियों ने लोहाघाट जीआईसी खेल मैदान, छमनियां स्टेडियम, फोर्ती हेलीपैड, मायावती आश्रम का निरीक्षण किया। अक्तूबर के पहले पखवाड़े में देश के किसी बड़े वीवीआईपी के आनेकोलेकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया जा रहा है। इसी क्रम में प्रशासन ने मायावती आश्रम के अध्यक्ष स्वामी सुद्धिदानंद महाराज से वार्ता की। डीएम ने अधिकारियों को निरीक्षण के बाद जरूरी दिशा निर्देश दिए है।

# इंडियाज बेस्ट डांसर के टॉप 5 में शामिल हुई उत्तराखंड की अंजलि



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित इंडियाज बेस्ट डांसर-3 के टॉप-5 में उत्तराखण्ड की अंजली का चयन हुआ है। फिनाले की दौड़ में, रियलिटी डांस शो को अपने 'टॉप 5' फाइनलिस्ट्स मिल गए हैं-कोरियोग्राफर कार्तिक राजा के साथ अनिकेत चौहान, कोरियोग्राफर आकाश थापा के साथ अंजलि ममगई, कोरियोग्राफर भावना खंडूजा के साथ समर्पण लामा, कोरियोग्राफर पंकज थापा के साथ विपुल खंडपाल और कोरियोग्राफर विवेक चाचेरे के साथ शिवांशु सोनी इंडियाज बेस्ट डांसर का सबसे प्रतिष्ठित खिताब जीतने के लिए अपना बेस्ट प्रयास करते नजर आएंगे। 'इंडियाज बेस्ट डांसर 3' के चार्ली चैपलिन माने जाने वाले, दिल्ली के अनिकेत चौहान ने 'बेहतरीन तेरह' में पहला स्थान हासिल किया। उन्होंने हर बार अपने टैलेंट से सभी को हैरान किया है। इंडियाज बेस्ट डांसर 3 में उत्तराखंड की अंजलि ममगई, कई लोगों के लिए प्रेरणा रही हैं वो 13 साल की उम्र से अपने परिवार का समर्थन कर रही हैं, साथ ही डांस के प्रति अपने जुनून को भी पूरा कर रही हैं। टॉप 5 में जगह बनाने पर अपना उत्साह व्यक्त करते हुए, उन्होंने साझा किया उन्होंने कहा कि इंडियाज बेस्ट डांसर 3 मेरे लिए उतार-चढ़ाव का एक सिलसिला रहा है। जब बेहतरीन 13 का चयन किया गया, तो मुझे पता चला कि विपुल कांडपाल और मैं इसमें जगह बनाने वाले अंतिम दो प्रतियोगी थे। तब से, मेरे अंदर खुद को साबित करने और जजों को गौरवान्वित करने गहरी ख्वाहिश जाग उठी है। आज, टॉप 5 का हिस्सा बनना एक जबर्दस्त एहसास है। मैं इस सीजन में टॉप 5 में एकमात्र फीमेल प्रतियोगी हूं, जो कि अपने आप में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आईबीडी सिर्फ एक शो से कहीं ज्यादा बन गया है। यह एक परिवार की तरह है। मुझे उम्मीद है कि मैं जीतूंगी और सभी को गौरवान्वित करूंगी।।

# ग्राम बिडौरा में विधिक जागरूकता शिविर आयोजित



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आवश्यकता पड़ने पर समाज के वरिष्ठ जनों को निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह बात जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव एवं सिविल जज सीनियर डिविजन सचिन कुमार पाठक ने ग्राम बिडौरा किच्छा में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण उधम सिंह नगर के आदेश के अनुपालन में वरिष्ठजनों के लिए आयोजित निःशुल्क विधिक जन जागरूक शिविर में बतौर मुख्य अतिथि अपने संबोधन में कही। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 विषय पर बोलते हुए न्यायधीश सचिन कुमार पाठक ने कहा कि प्राधिकरण कई स्तरों पर काम करता है। जैसे राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं तहसील विधिक सेवा प्राधिकरण। उन्होंने बताया कि की समाज में वरिष्ठ नागरिकों के लिए बहुत से अधिकार हैं। जिसकी पूर्ण जानकारी उन्हें नहीं है। उन्होंने यह बताया कि जो लोग 60 साल से ऊपर के हैं। उनके लिए निःशुल्क विधिक सहायता होती है। जैसे किसी बुजुर्ग का बेटा या बहू मारते हैं पीटते हैं या घर से निकलते हैं और वह परेशान रहता है। यदि उसने अपनी संपत्ति बेटे बहू के नाम कर दी है तो वह वापस भी हो सकती है। हमारे कोर्ट के दरवाजे खुले हैं उसको निःशुल्क सहायता मिलेगी। उन्होंने वृद्ध आश्रम के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही सड़क सुरक्षा, नशा उन्मूलन व घरेलू हिंसा के बारे में भी जागरूक किया। शिविर के दौरान उन्होंने लोगों की शिकायतो का निराकरण करने का भी आश्वासन दिया। इस अवसर पर पैनल एडवोकेट लल्लू प्रसाद, पीएलवी गुलनाज मलिक, मेहनाज मलिक, बांकेलाल, रियासत अली, धर्मेंद्र, शिखा, हेमलता कटरिया तथा गांव के भारी संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे। आयोजित शिविर की गांव के सभी लोगों ने प्रशंसा की और कहा कि ऐसे शिविर समय-समय पर होते रहने चाहिए जिससे कि जनता में जागरूकता आए और वह अपने अधिकारों को समझ सकें।

# पारले जी फैक्ट्री का किया भ्रमण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।स्कूल भ्रमण आयोजन कार्यक्रम के अंतर्गत जैन ग्लोबल स्कूल द्वारा कक्षा एल. के. जी. से लेकर कक्षा दो तक के विद्यार्थियों को पारले जी फैक्ट्री का भ्रमण कराया गया। वहां जाकर बच्चों को बिस्कुट बनाने के विभिन्न उपकरणों से अवगत करवाया गया। उन्हें विभिन्न मशीनों की जानकारी प्राप्त हुई। एवं एक लघु फिल्म के माध्यम से पूरी फैक्ट्री का ज्ञान प्राप्त करवाया गया। भ्रमण के दौरान कर्मचारियों का सहयोग प्राप्त हुआ। जीवन कौशल और अवलोकन कौशल विकसित हुई और प्रायोगिक ज्ञान का अवसर प्राप्त हुआ।



# लंदन से आई निवेश की बहार




**❑उत्तराखण्ड में स्कींग रिसोर्ट हेतु 2100 करोड़ एवं केबल कार प्रोजेक्ट के लिए 1700 करोड़ का एमओयू**
**❑योग आध्यात्म के लिए यूरोप से लेकर अन्य विदेशी पर्यटक हर साल बड़ी तादात में आते हैं उत्तराखण्ड**
**❑औली, दयारा बुग्याल और मुन्स्यारी में स्कींग रिसॉट प्रोजेक्ट्स विकसित करने पर सहमति बनी**
**❑उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के वैश्विक निवेश का लक्ष्य रखा : धामी**

देहरादून( उद संवाददाता)। उत्तराखंड में निवेश की बहार आ गई है। विशेकों के लिये बनायी गई उत्तराखण्ड सरकार की विभिन्न नीतियों और सकारात्मक विजन की सराहना की जा रही है । वहीं निवेशकों ने उत्तराखंड में अपने प्रोजेक्ट शूरू करने के लिये सीएम पुष्कर सिंह धामी की मौजूदगी में एमओयू साईन किये है। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने लंदन में राज्य में ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट के लिए रोड शो में प्रतिभाग करते हुए कई प्रमुख बिजनेस हाउसेस के साथ बैठक की। इस दौरान मुख्यमंत्री की उपस्थिति में अलग-अलग कंपनियों के साथ 4800 करोड़ के एमओयू साइन किए गए। औद्योगिक समूह कयान जेट के साथ दो अलग-अलग एमओयू में 3800 करोड़ एवं उषा ब्रेको के साथ 1000 करोड़ के एमओयू साइन किए गये। कयान जेट द्वारा उत्तराखण्ड में स्कींग रिसोर्ट विकसित करने हेतु 2100 करोड़ एवं केबल कार प्रोजेक्ट के लिए 1700 करोड़ का एमओयू साइन किया गया। कयान जेट द्वारा औली, दयारा बुग्याल और मुन्स्यारी में स्कींग रिसॉट प्रोजेक्ट्स विकसित करने को लेकर सहमति बनी। उषा ब्रेको लिमिटेड के साथ हरिद्वार और अन्य जनपदों में रोपवे विकसित करने पर सहमति बनी। ब्रिटेन में प्रतिनिधियों ने इंडिया हाउस और पार्लियामेंट हाउस का दौरा भी किया और ब्रिटेन की संसद के सदस्यों से वार्ता की। भ्रमण के दौरान डेलिगेशन ने लंदन में टूर एंड ट्रेवलिंग क्षेत्र से जुड़े प्रमुख कंपनियों के प्रतिनिधियों के साथ चर्चा की और राज्य में बेहतर परिवहन तकनीक पर विचार साझा किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में वेलनेस टूरिज्म और विलेज टूरिज्म जैसी अनेक संभावना है। उत्तराखण्ड में ऋषिकेश योग और आध्यात्म की वैश्विक राजधानी के रूप में जाना जाता है। यूरोप से लेकर अन्य देशों के पर्यटक हर साल बड़ी तादात में योग आध्यात्म के लिए उत्तराखण्ड का रुख करते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ऋषिकेश एवं अन्य स्थानों पर विश्वस्तरीय कन्वेशनर सेंटर की स्थापना हेतु निवेशकों से बातचीत कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आयोजित जी-20 समिट के सफल आयोजन से ब्रिटेन और भारत दोनों देशों के रिश्तों को और अधिक मजबूती मिली है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आगामी दिसंबर माह में आयोजित होने वाले उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में 2.5 लाख करोड़ के निवेश का लक्ष्य रखा गया है, जो प्रदेश की आर्थिकी को नई गति प्रदान करने में सहायक सिद्ध होगा।इस दौरान भारतीय उच्चायुक्त विक्रम दोरईस्वामी ने उत्तराखण्ड सरकार की विभिन्न नीतियों और सकारात्मक विजन की सराहना की। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड देश की राष्ट्रीय राजधानी से कुछ दूरी पर होने के कारण लोगों के लिए वीकेंड्स डेस्टिनेशन के रुप में विकसित हो गया है। इस अवसर पर सचिव मुख्यमंत्री डॉ. आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिव उद्योग विनय शंकर पांडेय, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा, स्थानीय आयुक्त अजय मिश्रा समेत डेलिगेशन के अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## राज्य की विभिन्न परिषदों व संस्थाओं में पांच अध्यक्ष और पांच उपाध्यक्षों की सूची जारी

**पूर्व सांसद बलराज पासी बने उत्तराखंड राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था के अध्यक्ष ,कई वरिष्ठ नेताओं को मिला दायित्व**

देहरादून(उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विदेश दौरे के बीच भाजपा सरकार ने कई वरिष्ठ नेताओं को बड़ी सौगात दे दी है।



बुधवार देर रात शासन ने भाजपा के 10 वरिष्ठ नेताओं को दायित्व दिए जाने का आदेश जारी कर दिया। इनमें पांच विभिन्न परिषदों व संस्थाओं में अध्यक्ष और पांच उपाध्यक्ष बनाए गए हैं। महानिदेशक सूचना बंशीधर तिवारी ने दायित्व दिए जाने की जानकारी दी। बता दें कि पिछले लंबे समय से भाजपा में दायित्वों बांटे जाने की इंतजार हो रहा था। विदेश जाने से पहले सीएम अफसरों को संकेत दे गए थे भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भी पितृ पक्ष शुरू होने से पहले दायित्वों की पहली सूची जारी होने की संभावना जताई थी। कौन मंत्री व राज्य मंत्री स्तर का दायित्वधारी है, यह दर्जा बाद में तय होगा।बताया जा रहा है कि 20 और नेताओं को दायित्व मिल सकता है। दायित्व मिलने वाले नेताओं में ज्योति प्रसाद गैरोला : उपाध्यक्ष, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति (राज्य स्तरीय ) रमेश गड़िया उपाध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य स्तरीय जलागम परिषद। मधु भट्ट : उपाध्यक्ष, उत्तराखंड संस्कृत साहित्य एवं कला परिषद। मुफ्ती शमून कासमी : अध्यक्ष, उत्तराखंड मदरसा शिक्षा परिषद्। बलराज पासी : अध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य बीज एवं जैविक उत्पाद प्रमाणीकरण संस्था। सुरेश भट्ट : उपाध्यक्ष, राज्य स्तरीय राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुश्रवण परिषद। अनिल डब्बू : अध्यक्ष, कृषि उत्पादन एवं विपणन बोर्ड (मंडी)। कैलाश पंत : अध्यक्ष, उत्तराखंड राज्य सलाहकार श्रम संविदा बोर्ड। शिव सिंह बिष्ट : उपाध्यक्ष, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना राज्य स्तरीय अनुश्रवण परिषद्।नारायण राम टम्टा : अध्यक्ष, हरिराम टम्टा परंपरागत शिल्प उन्नयन संस्था शामिल है।

## रिंग रोड से जुड़ रही सड़कों में सर्विस लेन निर्माण बनाने की मांग

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रस्तावित रिंग रोड के निर्माण में ग्राम बिन्दुखेड़ा-रायपुर, छत्तरपुर सिडकुल, एवं जयनगर को जाने वाली सड़कों में सर्विस रोड की मांग को लेकर क्षेत्र के कई ग्राम प्रधानों एवं किसानों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन प्रेषित किया है। कलेक्ट्रेट में सोंपे गये ज्ञापन में ग्राम प्रधानों एवं किसानों ने कहा कि एनएच 87 सिडकुल नैनीताल रोड रूद्रपुर से एनएच 74 काशीपुर रोड हाईवे को जोड़ने हेतु एक रिंग रोड प्रस्तावित है जिसकी नपाई आदि का कार्य प्रगति पर है। इस रोड पर बिन्दुखेड़ा-रायपुर, बिन्दुखेड़ा-छतरपुर सिडकुल व बिन्दुखेड़ा जयनगर की रोडें आपस में मिल रही है। ज्ञात हुआ है कि इन क्षेत्रों में सर्विस रोडों का निम्रण नहीं किया जायेगा जबकि इस क्षेत्र में कई उद्योग राईस मिलें, सिडकुल के गोदाम, स्कूल के साथ साथ एक बहुत बड़ी आबादी का हिस्सा लगभग 40 से 50 ग्राम सभा के लोगों का आवगमन उक्त रोड से होता है। यदि उपरोक्त स्थानों पर सर्विस लेन नहीं बनाया जाता है तो 40 से 50 ग्राम सभा के लोगों के सामने आवागमन में बहुत बड़ी समस्या का सामना करना पड़ेगा और स्कूली बच्चों की शिक्षा पर भी बुरा असर पड़ेगा। ज्ञापन में जनहित को देखते हुए उपरोक्त मार्गों में सर्विस रोड का निर्माण करवाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में तजिंदर सिंह विर्क, ग्राम प्रधान जसविंदर कौर, कावल सिंह, पूजा वर्मा, हरीश चंद्र, निर्मला सिंह, सुनीता, रंजीत कौर, मंजीत सिंह, गुरबाज सिंह, निर्मला सिंह आदि सहित अन्य लोग शामिल थे।



गुरू मां
GURU MAA ENTERPRISES



AC चाहिए ?
आधार लाये, उधार ले जायें...
0% BAJAJ FINSERV
UP TO 50% OFF
सबसे ज्यादा कैशबैक
0% ब्याज मुक्त फाइनेंस
खरीदारी के दिन डिलीवरी
Guru Maa Enterprises
हल्द्वानी
तिकोनिया मो- 9837077682
चर्च कम्पाउंड मो- 9690256666
पिली कोठी मो- 9997207007
रुद्रपुर
काशीपुर बाईपास रोड मो- 9927882338, 9568869000
काशीपुर
चीमा चौराहा मो-7455045084
रामनगर रोड मो-9917161111
गदरपुर
गुरुनानक इंटरप्राईजेज
पंजाबी कालोनी गली मो-9927860999

# जर्जर सड़कों पर चलेगा गड्ढा मुक्त अभियान : शिव

## विधायक शिव अरोरा ने ली लोनिवि अधिकारियों की बैठक,31 अक्टूबर तक सड़कों को गड्ढामुक्त करने सहित अन्य प्रस्तावित योजनाओं पर कार्य प्रारंभ करने के दिए निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायक शिव अरोरा ने अपने कैम्प कार्यालय पर रुद्रापुर गड्डा मुक्त अभियान व विधानसभा में चल रहे लोक निर्माण विभाग के कार्यो पर समीक्षा बैठक की। विधायक ने बैठक के दौरान कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सड़कों को पूरे प्रदेश में गड्डा मुक्त बनाने का निर्देश दिया है। बैठक के दौरान लोनिवि अधिकारियों ने बताया कि विधानसभा में काफी जगह चिन्हित कर उनको गड्डामुक्त बनने के लिये टेंडर प्रक्रिया में लगा दिया है और कुछ टेंडर लगने बाकी है जिसमे बिन्दुखेड़ा रायपुर मार्ग, अटरिया सिडकुल मार्ग, भूरारानी गेट से छतरपुर मार्ग, गाबा चौक से मॉडल कॉलोनी, पीएससी 46, काशीपुर बाईपास रोड, आरएएन स्कूल रोड सहित अन्य मार्ग शामिल हैं। विधायक ने कहा इस अभियान में पीडब्ल्यूडी के अंतर्गत आने वाली सभी सड़कों को 31 अक्टूबर तक गड्डामुक्त करने का लक्ष्य है, साथ ही इसके अलावा अन्य कोई क्षतिग्रस्त मार्ग गड्डामुक्त होना है उसको जनता द्वारा संज्ञान में लाया जायेगा तो उसको भी पूरा किया जायेगा। इस दौरान विधायक शिव अरोरा ने कहा वर्तमान में जो सड़कें काफी जर्जर हालत में है और उनके पुनर्निर्माण हेतु प्रस्ताव शासन या वित्त स्वीकृति हेतु लंबित है उनको भी एक बार गड्डामुक्त करवाया जायेगा



। विधायक ने बैठक के दौरान विधानसभा रुद्रपुर के अंतर्गत गतिमान कार्य व आगामी समय मे होने वाले कार्य पर भी समीक्षा की जिसमें मुख्य रूप से एनएच 87 जिसमे सोनिया होटल से जिला अस्पताल तक 71 करोड़ की लागत से दोनों ओर पैदल मार्ग लाइट ग्रीनरी, सुंदर मार्ग निर्माण हेतु यूआईडीएफ को प्रस्ताव भेजा गया है। जो शासन स्तर पर है जिसकी स्वीकृति होते ही रुद्रपुर शहर को एक सुंदर अत्यधिक सुविधाओं से पूर्ण मार्ग का निर्माण होने से शहर के लिये बहुत बड़ी सौगात होगी। साथ ही काशीपुर बाईपास रोड चौड़ीकरण का कार्य जिसमें 2. 90 करोड़ की लागत से पहले चरण की पोल शिफ्टिंग व अन्य विभागों के कार्य हेतु प्रस्ताव वित्त हेतु जा चुका है। जाम से निजात हेतु इसका निर्माण आने वाले समय मे बहुत महत्वपूर्ण है। किच्छा बाईपास रोड में दोनों ओर टाइल्स रोड हेतु 4.50 करोड़ प्रस्ताव शासन स्तर पर है, अटरिया सिडकुल मार्ग निर्माण हेतु कार्य शासन स्तर पर है, साथ ही महतोष नवाबगंज मार्ग चौड़ीकरण जिसके लिये केंद्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट भी प्रयास कर रहे हैं। इसको प्रदेश सरकार के माध्यम से केंद्र सरकार को भेजा गया है जिसका निर्माण सीआआरएफ के माध्यम से 10 करोड़ की लागत से होना है। राज्य योजना में कैम्प रोड चामुंडा मंदिर तक चौड़ीकरण होकर निर्माण कार्य वित्त स्वीकृति हेतु जा चुका है, ट्रांजिट कैम्प में दुर्गा मंदिर के पास रोड निर्माण वित्त स्वीकृति हेतु लंबित है। प्रीत बिहार शनिमंदिर के पास रोड निर्माण टेंडर प्रक्रिया में है, सिद्धू बार रोड निर्माण टेंडर प्रक्रिया में है। बिगवाड़ा दक्ष मार्ग का प्रस्ताव द्वित्तीय चरण में है। हौंडा एजन्सी के पीछे गुरुद्वारा के पास रोड निर्माण टेंडर प्रक्रिया में है, विधायक शिव अरोरा ने जानकारी दी ऐसे 22 रोडों के प्रस्ताव टेंडर से लेकर वित्तीय प्रकिया में है। उन्होंने कहा अब बरसात रुक गयी है तो निर्माण कार्य प्रारंभ हो जायेंगे। विधायक शिव अरोरा ने कहा हमारा प्रयास है कि जल्द ही कार्य धरातल में नजर आएंगे। उन्होंने जानकारी दी छोटे बड़े प्रस्ताव मिलकर लगभग 150 करोड़ के प्रस्ताव पर कार्य चल रहा है यह महज डेढ़ साल के कार्यकाल में उनके प्रयास से हुआ। विधायक शिव अरोरा ने कहा इस गड्डामुक्त अभियान पर वह स्वयं मानीटरिंग करेंगे और जगह जगह जाकर कार्य का धरातल पर निरीक्षण करेंगे। गुणवत्ता में कोई समझौता न हो इसके लिये किसी भी प्रकार की शिकायत आती है तो उक्त ठेकेदार से लेकर सम्बंधित विभाग के अधिकारी की भी जवाबदेही तय की जायेगी। विधायक शिव अरोरा ने कहा बरसात रुकने के बाद अब लगातार क्षेत्र में पीडब्ल्यूडी सहित अन्य योजनाओं पर कार्य प्रारंभ हो जायेंगे। कहा कि वह कार्य करने में विश्वास रखते हैं उनके कार्य नजर आते हैं पहले घोषणाएं नजर आती थी धरातल पर जनता को परिणाम नही मिलते थे लेकिन अब समय परिवर्तित हुआ है और समय के साथ कार्य करने का तरीका भी बदला है , वह बोलने में नही कार्य करने के लिये जाने जाते हैं जनता ने उनको सेवा के लिये चुना है और दायित्व को वह पूरी ईमानदारी से निभाने का प्रयास कर रहे हैं। इस दौरान पीडब्ल्यूडी से अधिशासी अभियंता विनोद डोबरियाल, इंजीनियर राजेन्द्र प्रसाद, जेई हरीश बसेड़ा, जेई सेमवाल, जेई सचिन कुमार व मयंक कक्कड़, सोनू वर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

# आरएएन स्कूल में साइबर क्राइम सुरक्षा पर कार्यशाला आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।आर.ए.एन पब्लिक स्कूल बिलासपुर के प्रांगण में साइबर क्राइम एंड सेफ्टी विषय को पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम समस्त विशिष्ठ अतिथियों ने माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित



कर कार्यशाला का शुभारंभ किया। मुख्य वक्ता के रूप में साइबर क्राइम के सी.ओ. सुमित पाण्डेय ने बच्चों को जागरुक करते हुए कहा कि डिजिटल तकनीक से जुड़कर हमें क्या सावधानियाँ बरतनी चाहिए कि हम अपनी निजता को बनाये रखें। क्योंकि आज हम सब सोशल मीडिया से जुड़े हुए हैं। इसलिए जो भी हम वीडियो या फोटो साझा करते हैं कुछ लोग उसका गलत इस्तेमाल कर सकते हैं। महिला राइजिंग फाउंडेशन की प्रेसीडेंट श्रीमती चंद्रकला राय ने विद्यार्थियों को जागरुक करते हुए कहा कि सोशल मीडिया का उपयोग , साइबर ठगी तथा ब्लैक मेलिंग जैसे अपराध आज बहुत ही ज्यादा हो रहे हैं। ऐसे में किसी भी सहपाठी रिश्तेदार या अनजान व्यक्ति की बातों के प्रभाव में आकर जिंदगी को बर्बाद ना करें। साइबर क्राइम चौकी इंचार्ज ललित जोशी ने बच्चों को अपनी सुरक्षा पर स्वयं ध्यान देने के लिए कहा तथा साइबर अपराध होने पर नेशनल साइबर क्राइम-रिर्पोटिंग पोर्टल-न.1930 पर सम्पर्क करने को कहा। श्रीमती ललिता शर्मा इंस्पेक्टर विजिलेंस डिर्पाटमेन्ट ने भी बच्चों को समाज में हो रहे। साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करते हुए कहा कि तुम राष्ट्र निर्माण के निर्माता हो।अत: टेक्नोलॉजी का सही उपयोग ही करें। इस अवसर पर विद्यालय के संस्थापक विंग कमांडर एच. के.राय, डायरेक्टर मोहित राय, निर्देशिका श्रीमती निधि राय ,प्रधानाचार्या श्रीमती वंदना शर्मा तथा अध्यापकगण मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय के डायरेक्टर मोहित राय ने बच्चों को साइबर क्राइम के प्रति जागरुक करने वाली ज्ञानवर्द्धक कार्यशाला की सराहना करते हुए तथा अपना कीमती समय देने के लिए अतिथियों का आभार व्यक्त कर कार्यशाला का समापन किया।

# गूलरभोज जाने वाली दो सड़कों का होगा चौड़ीकरण

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केंद्रीय रक्षा एवं पर्यटन राज्य मंत्री वह नैनीताल उधम सिंह नगर संसदीय क्षेत्र से सांसद अजय भट्ट ने अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग उधम सिंह नगर को गदरपुर- गूलरभोज मार्ग 9.6 किलोमीटर और जाफरपुर-गूलरभोज मार्ग 13.6 किलोमीटर के आगणन तैयार प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के लिए प्रेषित करने के निर्देश दिए हैं। केंद्रीय मंत्री अजय भट्ट ने उधम सिंह नगर के अंतर्गत हरिपुरा बौर जलाशय क्षेत्र की सड़कों के निर्माण एवं प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति के संबंध में अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड लोक निर्माण विभाग उधम सिंह नगर को निर्देशित किया है कि गूलरभोज स्थित हरिपुरा बौर जलाशय पर्यटन के रूप में विकसित हो रहा है जलाशय में प्रतिदिन सैकड़ो की संख्या में पर्यटन नौकायन एवं भ्रमण के लिए आते हैं और जलाशय में प्रतिवर्ष राष्ट्रीय स्तर पर जल क्रीड़ा प्रतियोगिता संपन्न होती है। जिसमें विभिन्न प्रदेशों से खिलाड़ी प्रतिभाग करते हैं ऐसे में पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित होने के फल स्वरुप यहां स्थानीय युवकों को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे और प्रदेश की आय में भी वृद्धि होगी। इसलिए हरिपुरा बौर जलाशय के गदरपुर-गूलरभोज 9.6 किलोमीटर मार्ग और जाफरपुर-गूलरभोज 13.6 किलोमीटर मार्ग का चौड़ीकरण एवं शौन्द्रीयकरण का आगणन तैयार कर प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृति प्रेषित के लिए भेजा जाना आवश्यक है।








# संस्कृत महोत्सव में गुरु नानक बालिका इन्टर कालेज ने मारी बाजी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। श्री गुरु नानक बालिका इंटर कालेज में आयोजित दो दिवसीय संस्कृत महोत्सव में गुरु नानक बालिका इन्टर कालेज ने जीत का परचम लहराया। कार्यक्रम का समापन विभिन्न संस्कृत कार्यक्रमों के बीच पुरस्कार वितरण के मध्य धूमधाम से हुआ। संस्कृत अकादमी हरिद्वार के तत्वावधान में प्रतिवर्ष संस्कृत भाषा के प्रचार प्रसार एवं अधिकाधिक रूप से इस भाषा के प्रयोग पर बल देने के लिए प्रतिवर्ष खण्ड स्तरीय, जिलास्तरीय, एवं संस्कृत प्रतियोगिताओं का राज्य स्तरीय आयोजन होता है प्रतिभागी एवं विजयी विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया जाता है। समापन दिवस के कार्यक्रम का उदघाटन मुख्य अतिथि विधायक शिव अरोरा के कर कमलों से सम्पन्न हुआ। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती नीती अग्रवाल ने विधायक को पुष्प गुच्छ भेंट किया। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष स. गुरमीत सिंह ने विधायक को बैज अलंकृत किया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलन, का बैज अलंकरण, स्वागत एवं विभिन्न कार्यक्रम संचालित हुए। विद्यालय शिक्षा समिति के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने सबका आभार व्यक्त किया।उन्होंने विधायक का स्वागत कर विद्यालय की गतिविधियों एवं संस्कृत महोत्सव के सम्बंधित जानकारी दी। खण्ड संयोजक अंकित पान्डे द्वारा संस्कृत अकादमी के कायाँ एवं विभिन्न समयों पर अकादमी के उद्देश्यों को स्पष्ट किया। जिला संयोजक सुभाष मिश्रा एवं विद्यालय की वरिष्ठ संस्कृत प्रवक्ता श्रीमती जानकी पंत ने संस्कृत भाषा के उत्थान प्रचार लिए के अकादमी के कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। मंच संचालन श्रीमती अर्चना छावड़ा एवं लता कोटलिया द्वारा किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण गुरु नानक इन्टर कॉलेज स्टाफ एवं विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक एवं निर्णायक मण्डल की टीम उपस्थित थी।



# सीडीओ ने की पंचायती राज विभाग की समीक्षा

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। मुख्य विकास अधिकारी विशाल मिश्रा ने विकास भवन सभागार में पंचायतीराज विभाग के कार्यो की समीक्षा की। उन्होने विभागीय योजनाओं के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यो को ससमय व ठीक ढंग से न करने पर नराजगी व्यक्त करते हुये सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये।उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश देते हुये कहा कि शौचालयों का सत्यापन, मेरी माटी मेरा देश का ससमय क्रियान्वयन, डेंगू से बचाव, जेजेएम कार्यो का सत्यापन सही



ढंग से करना सुनिश्चित करें। उन्होने सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुये कहा कि मुख्यमंत्री हैल्पलाईन एवं सेवा का अधिकार के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का ससमय निस्तारण करना सुनिश्चित करें। बैठक में उप जिलाधिकारी/जिला पंचायतराज अधिकारी गौरव पाण्डेय, पीडी हिमांशु जोशी, सहित जनपद के ग्राम पंचायत विकास अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी आदि उपस्थित थे।

# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय

सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## परियोजनाओं का क्रियान्वयन

बुनियादी ढांचा अर्थव्यवस्था का आधार होता है। वित्तीय संकट की स्थिति में भी यही क्षेत्र अर्थव्यवस्था को संबल देता है। मगर देश में बुनियादी ढांचे की तस्वीर बहुत अच्छी नहीं है। इससे जुड़ी अधिकतर परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इसमें लगातार विलंब के कारण सरकारी खजाने पर खर्च का बोझ भी बढ़ता जा रहा है। बुनियादी ढांचे में सड़कें, पुल, सिंचाई के संसाधन, बिजली, बंदरगाह, हवाई अड्डे और सामाजिक महत्त्व की योजनाएं शामिल होती हैं। व्यापक निवेश, लंबी अवधि और सामाजिक लक्ष्यों को देखते हुए ये नियमित परियोजनाओं से बहुत भिन्न होती हैं। इनमें अगर हीला-हवाली या भ्रष्टाचार का घुन लगता है, तो इसका सीधा असर विकास की गति पर पड़ता है। दुर्भाग्य से ऐसा ही हो रहा है। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय की पिछले महीने आई रिपोर्ट के मुताबिक डेढ़ सौ करोड़ रुपए से अधिक खर्च वाली एक हजार सात सौ बासठ परियोजनाओं में से चार सौ बारह की लागत इस साल अगस्त तक तय अनुमान से 4.77 लाख करोड़ रुपए बढ़ गई है, जबकि आठ सौ तीस परियोजनाएं देरी से चल रही हैं। इन परियोजनाओं के क्रियान्वयन की मूल लागत बीते मार्च में पच्चीस लाख एक हजार चार सौ करोड़ रुपए आंकी गई थी, लेकिन अब इसे और बढ़ाकर उनतीस लाख अठहत्तर हजार छह सौ इक्यासी करोड़ रुपए किए जाने का अनुमान है। देर से चलने के कारण मूल लागत में बढ़ोतरी वाली परियाजनाओं की संख्या बीते मार्च में एक हजार चार सौ उनचास थी, जबकि देरी से चलने वाली परियोजनाओं की संख्या आठ सौ इक्कीस दर्ज की गई थी। पांच माह में दोनों में ही बढ़ोतरी हुई है। इन आंकड़ों से साफ है कि बुनियादी ढांचा क्षेत्र की हालत दिनों-दिन खराब हो रही है। हालांकि मंत्रालय की रपट में परियोजनाओं की देरी का कारण कोविड के दौरान लागू पूर्णबंदी को बताया गया है। अगर ऐसा मान भी लें तो बीते एक साल में पूरी तरह सामान्य हुए हालात के मद्देनजर स्थिति सुधर जानी चाहिए थी या उसमें सुधार के संकेत तो दिखने ही चाहिए थे। लेकिन ऐसा हुआ नहीं। रिपोर्ट में हर स्तर पर मार्च के मुकाबले हालात खराब ही दर्शाए गए हैं। इसके अलावा, योजनाओं की देरी के लिए अन्य बड़े कारण भूमि अधिग्रहण, पर्यावरण और वन विभाग की मंजूरी, निविदा प्रक्रिया तथा ठेके देने और उपकरण मंगाने में देरी के साथ-साथ बुनियादी संरचना की कमी, परियोजना का वित्तपोषण और इसकी संभावनाओं में बदलाव, कानूनी और अन्य अड़चनें, अप्रत्याशित भू-परिवर्तन आदि बताए गए हैं। ये भी ऐसी वजहें हैं, जिनका सीधा संबंध सरकारी मशीनरी के काम करने के तरीके से जुड़ा है। अगर हर विभाग जनहित की परियोजनाओं को गंभीरता से लेकर अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन करे तो ये अड़चनें आसानी से दूर की जा सकती हैं। पिछले साल की एक रपट के मुताबिक भारतीय बुनियादी ढांचा क्षेत्र में परियोजना प्रबंधकों, सिविल इंजीनियरों, योजनाकारों, सर्वेक्षणकर्ताओं और सुरक्षा पेशेवरों सहित लगभग तीस लाख पेशेवरों की कमी है। अफसरशाही के पेंच कसने के साथ-साथ इस दिशा में भी ध्यान देने की सख्त आवश्यकता है। हालांकि परियोजनाओं को समय पर पूरा करने के इरादे से हर काम में देरी पर जुर्माने का प्रावधान किया जाता है, मगर भ्रष्टाचार के मकड़जाल में परियोजनाएं अपनी गति नहीं ले पातीं। ठेकेदारों और अफसरों के गठजोड़ से देरी का कोई न कोई बहाना निकाल लिया जाता है। इस तरह परियोजनाएं महंगी होती जाती और सार्वजनिक धन की नाहक बर्बादी होती है। इसका कोई व्यावहारिक उपाय तलाशना जरूरी है।

# उत्तराखण्ड को प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिये निभानी होगी सामूहिक जिम्मेदारी: राज्यपाल

## प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन में सराहनीय प्रयास करने वाली संस्थाओं को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। बुधवार को राजभवन में सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग एवं इसके दुष्प्रभावों के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु 'प्लास्टिक से जंग' कार्यशाला का आयोजन हुआ। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने इस कार्यशाला में प्रतिभाग करते हुए स्वच्छता अभियान में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले वेस्ट वॉरियर और प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन में सराहनीय प्रयास करने वाली संस्थाओं को सम्मानित किया। इस कार्यशाला में पर्यावरण संरक्षण और प्लास्टिक वेस्ट पर आधारित स्टॉल भी लगाए गए थे जिसका राज्यपाल ने अवलोकन किया। कार्यशाला में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राजभवन से पूरे उत्तराखण्ड और हिमालय को स्वच्छ, सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल रखने के लिए एक जंग की शुरूआत की है। इस जंग में प्लास्टिक एक बड़े शत्रु के रूप में हम सभी के सम्मुख है जिसके लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने सामर्थ्य के अनूरूप एक योद्धा की भूमिका निभानी होगी। उत्तराखण्ड राज्य को सुंदर और प्लास्टिक मुक्त बनाने के लिए हमें संवेदनशील होने की जरूरत है जो स्वच्छ भारत अभियान की परिकल्पना को साकार करेगा।उत्तराखण्ड में प्लास्टिक वेस्ट प्रबंधन एवं चुनौतियां विषय पर अपर निदेशक शहरी विकास विभाग अशोक कुमार कुमार पाण्डेय, रिसाईकल्स संस्थान से ऋषभ भसीन, बैनी सेना हल्द्वानी से श्रीमती नीमा बिष्ट, परफैटी वान माले, रूद्रपुर से विवेक गर्ग और श्री अनूप नौटियाल ने अपने-अपने विचार रखे। प्रमुख सचिव वन एवं पर्यावरण आर. के. सुधांशु ने इस कार्यशाला के बारे में विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर मेयर हल्द्वानी डॉ. जोगेन्द्र पाल सिंह रौतेला, मेयर ऋषिकेश अनिता ममगाई, मेयर काशीपुर डॉ. ऊषा चौधरी, सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, अपर सचिव स्वाति एस. भदौरिया, निदेशक शहरी विकास नितिन सिंह भदौरिया, सचिव प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सुशांत पटनायक, कुलपति दून विश्वविद्यालय प्रो. सुरेखा डंगवाल, जिलाधिकारी पौड़ी गढ़वाल डॉ. आशीष चौहान, अपर निदेशक शहरी विकास अशोक कुमार पांडे, वित्त नियंत्रक तृप्ति श्रीवास्तव सहित प्रदेश के नगर निकायों के अधिकारी और विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधिगण मौजूद रहे।





# खोखला साबित हुआ केंद्र सरकार का विकास मॉडल : हरीश रावत

देहरादून(उद संवाददाता)। पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कांग्रेस भवन में प्रेस वार्ता के दौरान देश के आर्थिक हालातों पर केंद्र सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि जो विकास का मॉडल केंद्र ने दिखाया वह खोखला साबित हुआ है। भाजपा सरकार ने 2014 से पहले आर्थिक सुधार को लेकर जनता को भ्रमित किया है। कांग्रेस सत्ता में आई तो आर्थिक न्याय पर कार्य करेगी। केंद्र और राज्य सरकार अप्रत्यक्ष रूप से आरक्षण को खत्म कर रही है। सरकारी पदों को ना भरना भी आरक्षण को खत्म करना ही है। भाजपा सरकार के खिलाफ संघर्ष के लिए पार्टी ने मुद्दे तय करेगी और अन्य विषयों को भी शामिल करेगी। एक मुद्दा अंकिता भंडारी को न्याय दिलाने को लेकर है। महिला, दलित और किसानों के स्वाभिमान की लड़ाई अब कांग्रेस लड़ेगी। रोजगार को लेकर सरकार पर दबाव और सुझाव दोनों विषयों पर काम किया जाएगा। भाजपा सारी सभ्यताओं का प्रतीक खुद को बताती है। रमेश बिधुड़ी का संसद में व्यवहार देखने को मिला। उन पर हेट स्पीच का मुकदमा दर्ज होना चाहिए। उन्होंने भाजपा से ऐसे नेता को निष्कासित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस इन सभी मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएगी।

# कुमाऊं में 257 होम-स्टे, 44ग्रोथ सैंटर एवं 15 स्टार्ट अप योजनाओ का होगा सर्वेक्षण

नैनीताल। कुमाऊ क्षेत्र के सभी पंजीकृत 257-होमस्टे, 44-ग्रोथ सैंटर एवं 15-स्टार्ट अप योजनाओं का सर्वेक्षण कार्य अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्मिकों द्वारा किया जायेगा। संयुक्त निदेशक अर्थसंख्या राजेन्द्र तिवारी ने बताया कि कुमाऊँ मण्डल के अन्तर्गत पंजीकृत लगभग 257 होम-स्टे, 44ग्रोथ सैंटर एवं 15 स्टार्ट अप योजनाओ का सर्वेक्षण कार्य जनपदों मे स्थित अर्थ एवं संख्याधिकारी कार्यालय मे कार्यरत कार्मिको द्वारा किया जा रहे है। उन्होंने कहा कि टैबलेट के माध्यम से व जी0आई0एस0 गूगल मैपिंग के माध्यम से योजनाओ की जानकारी ली जायेगी। उन्होंने बताया कि होम स्टे का उददेश्य होम-स्टे संचालक की आवासीय स्थिति, स्वच्छता व अन्य सुविधाओ की जानकारी के साथ ही आवागमन के संसाधनों पर व्यय व प्राप्तियों का आंकलन किया जायेगा। उन्होने बताया कि इस योजना से ग्रामों से पलायन रोकने मे होम-स्टे के योगदान में अहम भूमिका है। श्री तिवारी ने कहा कि ग्रोथ सेन्टरों का सर्वे का मुख्य उददेश्य कार्यरत व बन्द केन्द्रों की जानकारी हासिल करना है। श्री तिवारी ने शासकीय विभागों के साथ ही सभी पंजीकृत होम स्टे संचालकों एवं संस्थाओं से सर्वेक्षण कर्ताओं को सहयोग करने की अपील की है।

# वाइब्रेंट विलेज को सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल योजनाओं से संतृप्त किया जाए : सीएस

देहरादून(उद संवाददाता)। सचिवालय में वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम के अंतर्गत आयोजित राज्य स्तरीय स्क्रीनिंग समिति की बैठक में मुख्य



सचिव डॉ. एस.एस. संधु ने जिलाधिकारियों को चिन्हित वाइब्रेंट विलेज को वाइब्रेंट बनाने के लिए ऐसी योजनाओं को संचालित करने के निर्देश दिए जो व्यवहारिक और सतत हों। मुख्य सचिव ने कहा कि सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा और पेयजल योजनाओं से वाइब्रेंट विलेज को संतृप्त किया जाए। वाइब्रेंट विलेज का हर गांव विशिष्ट है, उसकी अपनी क्षमताएं एवं सम्भावनाएं हैं। क्षेत्र की क्षमताओं और सम्भावनाओं को तलाशते हुए योजनाएं तैयार की जाएं और इन्हें सतत बनाने के लिए प्रयास किए जाएं। उन्होंने वाइब्रेंट विलेज के लिए स्वास्थ्य सुविधाओं को भी सुदृढ़ करने के निर्देश देते हुए कहा कि वाइब्रेंट विलेज में नियुक्त स्वास्थ्यकर्मियों को रहने के लिए अच्छी आवासीय सुविधाएं उपलब्ध करायी जाए साथ ही कर्मचारियों को एक-दो महीने के लिए रोटेशन के आधार पर नियुक्त किया जाए। मुख्य सचिव ने वाइब्रेंट विलेज के लिए यूपीसीएल को विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कहा कि जहां ग्रिड से विद्युत आपूर्ति करना सम्भव न हो वहां सौर ऊर्जा एवं अन्य विकल्पों से विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। मुख्य सचिव ने इन क्षेत्रों के लिए मोबाइल वैन वैटेनरी यूनिट की व्यवस्था भी सुनिश्चित किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आईटीबीपी ने स्थानीय उत्पादों को प्राथमिकता देने का निर्णय लिया है। सभी वाइब्रेंट विलेज बॉर्डर एरिया में होने के कारण यह निर्णय स्थानीय उत्पादों के लिए एक अच्छा बाजार उपलब्ध कराएगा। उन्होंने उत्पादों की सतत आपूर्ति एवं गुणवत्ता बनाए रखने के भी निर्देश दिए। उन्होंने वाइब्रेंट विलेज के स्थानीय उत्पादों के परम्परागत बीजों के लिए भी सब्सिडी उपलब्ध कराए जाने के निर्देश दिए। मुख्य सचिव ने पंचायती राज विभाग को प्रत्येक वाइब्रेंट विलेज में पंचायत भवन एवं खेल विभाग को भूमि की उपलब्धता के अनुसार खेल का मैदान अनिवार्य रूप से बनाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि खेल, व्यायाम के उपकरणों की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने स्थानीय युवाओं को गाइड की ट्रेनिंग भी उपलब्ध कराए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्थानीय कलाकारों को जोड़ते हुए सांस्कृतिक ग्रुप तैयार किए जाएं। साथ ही, स्थानीय वाद्य यंत्रों का वितरण भी किया जाए। क्षेत्र की प्राकृतिक सुन्दरता को संजोए रखते हुए निर्माण कार्यों में स्थानीय भवन निर्माण कलाओं का प्रयोग किया जाए। इस अवसर पर सचिव श्रीमती राधिका झा, सचिव श्री अरविन्द सिंह ह्यांकी, डॉ. बी. वी.आर.सी. पुरूषोत्तम, डॉ. रंजीत सिन्हा, श्री दीपेन्द्र कुमार चौधरी, अपर सचिव श्री सी. रविशंकर, श्रीमती रंजना राजगुरू, श्री युगल किशोर पंत, निदेशक आईटीडीए सुश्री नितिका खंडेलवाल उपस्थित थे।

# विकास कार्यों को पूरा करने के लिए डेडलाइन निर्धारित करें

देहरादून (उद संवाददाता)। अपर मुख्य सचिव श्रीमती राधा रतूड़ी ने सचिवालय में विधानसभा क्षेत्रों के विकास कार्यों की समीक्षा बैठकों में दिए गए निर्देशों के क्रियान्वयन की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के अधिकारी पत्राचार की औपचारिकता से आगे बढ़कर कार्यों को पूरा करने के लिए डेडलाइन निर्धारित करें और मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप अपने कार्यों की ऑनरशिप लें। बैठक में संस्कृति एवं धर्मस्व विभाग, उच्च शिक्षा, प्राविधिक शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, खेल, पर्यटन, राजस्व, गृह, ऊर्जा, ग्राम्य विकास, आपदा प्रबन्धन, सूचना प्रौद्योगिकी और वन एवं पर्यावरण विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। एसीएस ने वन व अन्य सम्बन्धित विभागों को राज्य में वन गुर्जरों, बोक्सा जनजाति और अन्य घुमन्तु जनजातियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध करवाने, पुनर्वास तथा



उनके विकास व कल्याण के लिए संवेदनशीलता से कार्य करने के निर्देश दिए हैं। सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग को पर्वतीय क्षेत्रों विशेषकर चारधाम यात्रा पर नये टावर लगाने के कार्य को जल्द से जल्द पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने आपदा प्रबन्धन विभाग को आपदा सुरक्षा सम्बन्धित कार्यों तथा ग्राम्य विकास विभाग को पीएमजीएसवाई योजना के अंतर्गत सड़कों के निर्माण एवं मरम्मत सम्बन्धी कार्य को पूरा करने के लिए समयसीमा निर्धारित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर सचिव सविन बंसल, श्रीमती रंजना राजगुरू तथा विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# हल्द्वानी में वाहन चैकिंग अभियान जारी

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाये जाने के उद्देश्य से आयोजित 05 दिवसीय चौकिंग अभियान के चौथे दिन दिनांक 26 सितंबर को 07 टीमों द्वारा सघन चौकिंग अभियान संचालित किया गया। इस आशय जानकारी देते हुए आरटीओ नंद किशोर ने बताया कि 03 स्कूल बसों सहित 14 बसें, 25 टैक्सी/मैक्सी, 34 दो पहिया वाहन, 30 ऑटो / ई-रिक्शा एवं 72 भार तथा अन्य 27 सहित कुल 205 वाहनों के चालान किये गये तथा 06 वाहनों को विभिन्न थानों में बन्द किया गया, अभियान के दौरान 05 ओवरलोड यात्री वाहन, 09 ओवरलोड भार वाहन के चालान किये गये, 26 वाहन बिना फिटनेस, 16 बिना परमिट, 43 बिना लाईसेन्स, 46 बिना टैक्स, 27 बिना बीमा, 09 प्रेशर हार्न, 37 बिना हेल्मेट, 27 बिना सीट बैल्ट के चालान तथा अन्य अभियोगों में 99 से अधिक चालान किये गये। उन्होंने बताया कि चौकिंग अभियान हल्द्वानी-कालाढूंगी रोड, हल्द्वानी-नैनीताल मार्ग, हल्द्वानी-लालकुआँ-पन्तनगर मार्ग, हल्द्वानी-रुद्रपुर एवं हल्द्वानी-चोरगलिया मार्ग पर संचालित किया गया।

# घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। घर के बाहर खड़ी बाइक पर अज्ञात चोरों ने हाथ साफ कर लिया। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। वहीं फैक्ट्री में मजदूरी करने गये एक श्रमिक की साईकिल भी चोरी हो गयी। ट्रांजिट कैम्प थाने में दी तहरीर में संजय बर्मन पुत्र वीरेन्द्र चन्द्र बर्मन निवासी विवेक नगर वार्ड 9 ने बताया कि उसने अपनी मोटर साईकिल संख्या यूके 06एएस 8102 को घर के बाहर खड़ा किया था। लगभग 6:30 बजे उक्त मोटर साईकिल मौजूदा स्थान पर नहीं थी। इधर उधर तलाश भी किया। परन्तु मेरी मोटर साईकिल प्राप्त नहीं हुई। पुलिस ने तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। वहीं पंतनगर थाना पुलिस को दी तहरीर में मोहन सिंह रावत निवासी श्रीरामपुर दिनेशपुर ने कहा कि वह अशोक लैलेंड फैक्ट्री में ड्यूटी करने गया था उसने अपनी साइकिल कम्पनी की पार्किंग में खड़ी की थी । डयूटी समाप्ति पर साइकिल वहां से गायब थी। काफी तलाश करने के उपरान्त भी अभी साईकिल नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# स्मैक तस्कर को पुलिस ने किया गिरफ्तार

नानकमत्ता(उद संवाददाता)। पुलिस ने स्मैक तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसके कब्जे से 4। 70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई है। कप्तान मंजूनाथ टीसी के निर्देश पर थानाध्यक्ष देवेंद्र गौरव के नेतृत्व में एसआई संजय कुमार, एसआई लक्ष्मण दत्त जोशी, कांस्टेबल अमित देवरानी लोकेश तिवारी, नशा तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की टीम ग्राम आमखेड़ा में पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर गांव की और भागने का प्रयास करने लगा। शक होने पर कांस्टेबल अमित देवरानी उसके पीछे भाग और धान के खेतों में उसको दर दबोच लिया। तलाशी लेने पर आरोपी के पास 4।70 ग्राम अवैध स्मैक बरामद की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम ग्राम कनकपुरा काशीपुर निवासी बलविंदर सिंह बताया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ 8/ 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर कोर्ट में पेश किया। जहां उसे जेल भेज दिया।

# चंपावत के दूरस्थ क्षेत्रों में 20 मोबाइल टावरों के लिये भूमि हस्तांतरित : नवनीत

चंपावत (उद संवाददाता)। जिला टेलीकॉम कमेटी की बैठक मंगलवार को जिला कार्यालय सभागार में जिलाधिकारी नवनीत पांडे की अध्यक्षता में संपन्न हुई। डीएम ने कहा कि चंपावत जिले में हर गांव तक संचार सुविधा बेहतर कनेक्टिविटी का होना नितांत आवश्यक



है। इस हेतु सभी संचार कंपनियों बीएसएनएल आदि यह सुनिश्चित कर ले की आगामी 6 माह में संपूर्ण चंपावत जिला, सभी क्षेत्र संचार सुविधा व बेहतर नेट कनेक्टिविटी से जुड़ जाए तथा मोबाइल टावर लगाए जाने वाले कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग भी की जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने अवगत कराया कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल टावर स्थापित करने हेतु 20 मोबाइल टावरों के लिए निशुल्क सरकारी भूमि भारत संचार निगम को हस्तांतरित कर दी गई है तथा दो टावर जो पूर्णागिरि क्षेत्र अंतर्गत स्थापित होने हैं वहां की भी वन भूमि हस्तांतरित हो गई है जिसकी एनपीबी की धनराशि विभाग द्वारा जमा की जानी है। इस संबंध में बीएसएनल से आए जेटीओ ने अवगत कराया कि विभाग द्वारा 28 स्थानों में मोबाइल टावर पूर्व में स्थापित किए गए हैं, 20 टावर अतिरिक्त स्थापित करने का कार्य गतिमान है, 2 टावर लगा दिए गए हैं, इसके अतिरिक्त 8 निजी भूमि में स्थापित किए जाने हैं, इसके अतिरिक्त 30 एयरटेल के तथा अन्य कंपनियों के भी मोबाइल टावर जिले में संचालित है। बैठक में भारत नेट कार्य की भी समीक्षा की गई, जो प्रथम चरण के अंतर्गत विकासखंड लोहाघाट में संचालित है। उक्त संबंध में बीएसएनएल से आए अधिकारी द्वारा अवगत कराया की भारत नेट कार्यक्रम के अंतर्गत विकासखंड लोहाघाट के 65 ग्राम पंचायतों में फाइबर बिछा दी गई है, इससे सभी सरकारी संस्थानों को नेट कनेक्टिविटी से जोड़ा जाना है। जिलाधिकारी ने कहा कि विकासखंड अंतर्गत अभी भी जो क्षेत्र छूटे हैं उन्हें भी तत्काल जोड़ा जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि भारत नेट हर गांव में लगाया जाएगा तो गांव में डिजिटल सेवा आसानी से मिल जाएगी।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी आरएस रावत, अपर जिलाधिकारी हेमंत कुमार वर्मा, अधिशासी अभियंता लोनिवि दीपक पलडिया, एनएच सुनील कुमार, विद्युत, जीएम डीआईसी दीपक मुरारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी विपिन चंद्र पंत, ईडीएम तनुज रावल, डीडीएमओ मनोज पांडे,जेटीओ बीएसएनएल विजय बहादुर टमटा आदि उपस्थित रहे।

# सचिव विनोद रतूड़ी ने विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा कर दिए निर्देश

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। प्रदेश के सचिव भाषा विभाग विनोद प्रसाद रतूड़ी अपने चार दिवसीय जनपद भ्रमण के दौरान प्रथम दिवस जनपद में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कर उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश निर्देश दिए। उन्होंने जल जीवन मिशन की समीक्षा के दौरान संबंधित अधिकारियों को जल जीवन मिशन के अंतर्गत जनपद में हुए कार्यों का ब्यौरा प्रस्तुत करने के साथ कहा कि इस गर्मी के मौसम में कितने गांवों में पेयजल टैंकर से पेयजल की आपूर्ति की गयी तथा वर्तमान में हो रही है। इसका विवरण प्रस्तुत किया जाय। यह सुनिश्चित किया जाय जल जीवन मिशन के अंतर्गत सभी को मानकानुसार पेयजल उपलब्ध हो। उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को रई झील की स्टेटस रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना की समीक्षा के दौरान उन्होंने नगर निकायों के अधिकारियों को नगर क्षेत्र में भी सभी पात्र लोगों को इस योजना से लाभान्वित करने के निर्देश दिये। उन्होंने उद्योग विभाग के अधिकारी को



निर्देश दिये कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना एवं मुख्यमंत्री स्वरोजगार योजना के अंतर्गत जनपद में ऐसे व्यवसायों को बढ़ावा दिया जाये जिनका व्यवसाईयों को भविष्य में भी फायदा मिले। उन्होंने मत्स्य विभाग के अधिकारियों को मत्स्य व्यवसाय से मत्स्य पालक समूहों की आय में हुई वृद्धि का ब्यौरा प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिये कि जनपद में एडवेंचर टूरिज्म का अच्छा स्कोप है इसलिए एडवेंचर टूरिज्म के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया जाय। उन्होंने कहा कि वीर चंद्र सिंह गढ़वाली योजना के अंतर्गत वाहन मद में योजना शुरू होने से अब तक कितने वाहन आवंटित हुए हैं तथा वह वर्तमान मे चालू स्थिति में है अथवा नहीं इसका ब्यौरा भी प्रस्तुत किया जाय।उन्होंने मुर्गी पालन व्यवसाय एवं मशरूम उत्पादन व्यवसाय से संबंधित स्वरोजगारकर्ता की आय में कितनी वृद्धि हुई है इसका ब्यौरा भी प्रस्तुत करने को कहा। बैठक में सीडीओ वरुण चौधरी, एडीएम शिव कुमार बरनवाल, एपीडी आशीष त्रिपाठी, डीडीओ गोस्वामी सहित विभिन्न विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# जयंती पर क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह को किया नमन

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। सरदार भगत सिंह राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में महान स्वतंत्रता सेनानी और क्रांतिकारी शहीद भगत सिंह का 116 वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाई गया। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय की सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना और समाजशास्त्र विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्रांगण में स्थित शहीद भगत सिंह की मूर्ति पर महाविद्यालय के प्राध्यापकों और विद्यार्थियों ने फूलमालाएं चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किए।समाजशास्त्र विभाग प्रभारी प्रोफेसर हेमलता सैनी ने कहा कि अपने देश और समाज के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा रखते हुए भगत सिंह ने जिस तरह का जीवन जिया वह अपने आप में एक मिसाल है। इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ अपर्णा सिंह ने कहा कि नौजवानों को भगत सिंह से सम्बन्धित साहित्य का गहन अध्ययन करने की जरूरत है। भगत सिंह की जेल डायरी और अपने छोटे भाई कुलतार सिंह के लिए लिखा गया उनका पत्र भगत सिंह के जीवन के क्रान्तिकारी तत्वों का उद्घाटन करने वाला है। अर्थशास्त्र विभाग के प्राध्यापक डॉ. वकार हसन खान ने कहा कि आज हम जिस आबओ हवा में सांस ले रहे हैं, उसके लिए हम शहीद भगत सिंह जैसे बलिदानियों के कर्जदार हैं। राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर डॉ सर्वजीत सिंह ने उपस्थित विद्यार्थियों को भगत सिंह के जीवन के कुछ अनछुए पहलुओं से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि अपने क्रान्तिकारी विचारों के साथ भगत सिंह समतामूलक समाज के पक्षधर भी थे। इस अवसर पर शहीद-ए- आजम भगत सिंह विषय पर एक भाषण प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया गया। इस भाषण प्रतियोगिता में बीए प्रथम सेमेस्टर की सालेहा ने प्रथम, अनामिका सिंह ने द्वितीय तथा नेपोलियन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त बीए द्वितीय सेमेस्टर की हिमांशी शर्मा तथा बीए प्रथम सेमेस्टर की खुशबू ने सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया।



प्रथम स्थान प्राप्त सालेहा ने अपने भाषण को भगत सिंह के जीवन और उनके आदर्शों पर केंद्रित किया। वहीं द्वितीय स्थान प्राप्त अनामिका सिंह ने कहा कि भगत सिंह का यह कहना कि वे मेरे शरीर को मार सकते है, विचारों को नहीं , एक क्रान्तिकारी विचार है। तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले नेपोलियन ने कहा कि भगत सिंह के क्रान्तिकारी विचार उनके द्वारा विपरीत विचारधाराओं से सम्बन्धित विद्वानों के साहित्य के अध्ययन का परिणाम है। बी द्वितीय सेमेस्टर की छात्रा हिमांशी शर्मा ने अपने भाषण में भगत सिंह को युवाओं के जीवन के लिए प्रेरणा का स्रोत बताया। बीए प्रथम वर्ष की खुश्बू ने अपने भाषण में शहीद भगत सिंह जीवन के विविध पक्षों पर प्रकाश डाला। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम के आयोजन समिति की संयोजक प्रोफेसर हेमलता सैनी ने विजेताओं को बधाई देते हुए उन्हें भविष्य के कार्यक्रमों में भी इसी उत्साह से प्रतिभाग करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापक डॉ. रवीन्द्र कुमार सैनी, डॉ. अंचलेश कुमार, डॉ. हरीश चंद्र, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. प्रदुम्न रिछारिया, सीएस पाठक असलम, मोहित शर्मा , नीरज बिष्ट, रजत बिष्ट आदि मौजूद रहे।

# मेयर ने मातृ शक्ति को किया सम्मानित

रूद्रपुर( उद संवाददाता)। केन्द्र की मोदी सरकार द्वारा हाल ही में महिला सशक्तिकरण के लिए हाल ही में महिला आरक्षण विधेयक पारित किये जाने की खुशी में मेयर रामपाल सिंह ने वार्ड नं- 11 संजय नगर खेड़ा में मातृ वंदन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर मेयर रामपाल सिंह ने मातृ शक्ति को अंग वस्त्र ओढ़ाकर और मिठाई खिलाकर सम्मानित किया और उनका आशीर्वाद लिया। महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का विधेयक पारित होने पर मेयर रामपाल सिंह ने महिलाओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह विधेयक महिलाओं को सशक्त



बनाने के साथ ही समाज में ऐतिहासिक बदलाव लाने वाला साबित होगा। मेयर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दूरगामी सोच के साथ देश में ऐतिहासिक फैसले ले रहे हैं। जो काम पचास वर्षों में दूसरी सरकारें नहीं कर पायी वो मोदी सरकार ने नौ साल में कर दिखाये हैं। मेयर ने कहा कि महिला आरक्षण विधेयक पारित करके केन्द्र सरकार ने महिलाओं को सम्मान देने का काम किया है। इस अवसर पर रवि बनर्जी नन्टू मण्डल, रॉबिन विश्वास, तपन मण्डल, प्रमोद ढाली, श्याम गाईन, उत्पल जोददार, लक्ष्मी कीर्तनीया, झरना सरकार, सीता सरकार, पुतुल मण्डल, शांति सरकार, प्रियंका बनर्जी, सीता मल्लिक, कालिदासी, शोभा विश्वास, उन्नति विश्वास, मधु विश्वास, नीलू विश्वास, अंजलि सरकार, शांतो मिस्त्री, शिवप्रिया वाला, शिप्रा मल्लिक, कविता ढाली,लीला मंडल, माया सरकार, उषा मंडल, श्यामला ढाली, शिवानी ढाली सहित सैंकड़ों लोग उपस्थित रहे ।

## पेज एक का शेष...

**ईद मिलादुन्नबी पर्व पर...**मात्रा में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। सुबह 8:00 बजे शहर इमाम मुफ्ती मुनाजिर हुसैन की सरपरस्ती में मोहल्ला बांसफोड़ान में जुलूस को अमली जामा पहनाकर महेशपुरा रोड, मुरादाबाद रोड, स्टेशन रोड, मेंन चौराहा,मेंन बाजार, किला बाजार एवं जुलूस का दूसरा हिस्सा मोहल्ला विजयनगर नई बस्ती, कटोराताल, चीमा चौराहा, रामनगर रोड से होते हुए मेंन चौराहे पर जुलूस में शामिल होकर कर्बला मैदान अल्ली खां में समाप्त हुआ। जुलूस में सदर हाजी राजा शब्बीर अहमद, नायब सदर डॉक्टर अब्दुल शकील, कारी अताउररहमान, हसीन खान, पूर्व पालिका अध्यक्ष शमसुद्दीन, अब्दुल सलीम एडवोकेट, डॉक्टर नूर हसन, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शेख अब्दुल अजीज कुरैशी, नदीम अख्तर अंसारी, अशरफ सिद्दीकी, वसीम अकरम, अब्दुल समीर, शाहबाज, शहजाद, नदीम मंसूरी, शाहनवाज आलम, रिजवान खान, अज्जू खान, अकील खान, महबूब हसन, फुरकान अहमद, फैजान अंसारी, मुबारक अली आदि दर्जनों शामिल रहे। **किच्छा**-ईद ए मिलाद उन नबी मुकदस मौके पर नगर में विशाल जुलूस निकाला गया। प्रात: से नगर में स्थित सभी मस्जिदों मे नमाज अदा की गयी। नमाज अदा करने के बाद मुस्लिम समाज के लोगो ने जुलूस निकाला तथा तकरीरें की। तकरीर मे जहां धर्म का बखान किया और देश के अमन चैन की दुआ मांगी। जुलूस मे धार्मिक ध्वज के साथ राष्ट्रीय ध्वज को भी सम्मान सहित लहराया जा रहा था। विभिन्न स्थानों से जुलूस होता हुआ सुनहरी मस्जिद में जाकर समाप्त हुआ। इस अवसर पर विभिन्न स्थानों पर जलपान की व्यवस्था की गई थी।इस अवसर मुख्यरूप से इमाम सय्यद मंजूर अहमद, मोहम्मद इकरार एहसान अली, अजाकत अली, मोहमद आरिफ, सलिमखान,अब्दुल शफीक, मुनब्बर अली, मो अबरार,के अलावा विधायक तिलक राज बेहड़, गौरव बेहड़ भूपेंद्र चौधरी कांग्रेस नगर अध्यक्ष, अशोक मित्रा,सहित तमाम लोग उपस्थित थे। **सितारगंज**-ईद मिलादुन्नबी के पर्व पर जुलूस ए मोहम्मदी का आगाज हुआ। जिसमें हजारों की संख्या में मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। जुलूस ए मोहम्मदी की उलेमा नाते पाक गुनगुनाते अगवाई करते चल रहे थे। इस दौरान विभिन्न स्थानों पर लंगर वितरण किया गया। जुलूस में पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा, यातायात के बेहतरीन प्रबंध किए थे। ईद मिलादुन्नबी के अवसर पर बुधवार की रात जेल कैंप रोड, किच्छा रोड नहरपार के साथ ही इस्लामनगर जामा मस्जिद, रमपुरा मस्जिद, मदीना मस्जिद को आकर्षक झालरों से सजाया गया था। बुधवार की शाम जमा मस्जिद के पास विशाल जलसे का आयोजन किया गया। जिसमें दूर दराज से पहुंचे उलेमा ने इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मोहम्मद साहब की शान में नाते पाक पेश की। इस दौरान उलेमा ने पैगंबर साहब के बताए मार्ग पर चलने का पैगाम दिया। गुरुवार की सुबह जामा मस्जिद से जुलूस ए मोहम्मदी का आगाज हुआ जिसमें हजारों की संख्या में पहुंचे मुस्लिम समाज के लोगों ने शिरकत की। जुलूस से मोहम्मदी की अगुवाई विभिन्न मस्जिदों के इमाम कर रहे थे। जुलुसे मोहम्मदी को लेकर पुलिस और राजस्व विभाग के अधिकारी सुरक्षा व्यवस्था बनाए हुए थे। जुलूस ए मोहम्मदी किच्छा रोड, किच्छा बायपास, खटीमा मार्ग, जेल कैंप रोड होता हुआ जामा मस्जिद पर समाप्त हो गया। इस मौके पर जमा मस्जिद के इमाम मौलाना कासिम मिस्बाही, मौलाना अशरफुल कादरी, मौलाना आरिफुल कादरी बाहिदी, मेनाज मलिक, हाजी शमशुल्हक मलिक, हाजी मुख्तियार मियां काले बाबा, सैय्यद यूसुफ मियां, सरताज हसन, अबरार अहमद, इकरार पटौदी, अल्ताफ मियां, मजले अंसारी, जलील अहमद, साबिर अली, आरिश रजा, आहद वाहिदी, सोहेल अली, साकिर अल्वी, साजिद अल्वी, सरताज मियां, निसार सलमानी, परवेज अंसारी, सरफराज अंसारी मौजूद रहे।

**काशीपुर में विकास कार्यों...**पर तैयार हो रहे फ्लाईओवर को 3 वर्ष से अधिक पूर्ण हो गए। पूर्व विधायक चीमा ने कहा कि रेलवे की तमाम औपचारिकताएं ऐसी हैं जिसमें लेट लतीफी होने के कारण निश्चित अवधि के भीतर फ्लाईओवर बनाकर तैयार नहीं हो सका। उन्होंने कहा कि इसके लिए गत दिवस एन एच के अधिकारियों के साथ एक जरूरी बैठक बुलाकर जिम्मेदार अधिकारियों के पेच कसे गए हैं। प्रेस कांफ्रेंस के दौरान क्षेत्रीय विधायक त्रिलोक सिंह चीमा के अलावा भाजपा के वरिष्ठ नेता दीपक बाली एवं खिलेंद्र चौधरी भी मौजूद रहे। इस दौरान बातचीत को आगे बढ़ात हुए पूर्व विधायक हरभजन सिंह चीमा ने कहा कि जेल परिसर में जल्द ही मल्टीलेवल पार्किंग का निर्माण कार्य शुरू हो जाएगा। उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट के लिए सरकार द्वारा 19 करोड़ 83 लख रुपए स्वीकृत किए गए हैं। पूर्व विधायक ने कहा कि इस मल्टीलेवल पार्किंग में 174 कारें तथा 24 दो पहिया वाहन पार्क किये जा सकेंगे। इसी इमारत के ग्राउंड फ्लोर पर एएसपी का कार्यालय भी होगा। आगे पूर्व विधायक ने कहा कि रामनगर रोड से गिरीताल से होते हुए बाजपुर रोड तक बायपास रोड के लिए 28 करोड़ 45 लाख रूपयो की सरकार द्वारा मंजूरी दी गई है। उन्होंने कहा कि इस कार्य के लिए धन आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। इसी तरह पूर्व विधायक ने बताया कि लक्ष्मीपुर माइनर के नवनिर्माण के लिए सरकार द्वारा 28 करोड़ 45 लाख रूपयो का धन निवेश किया जाना है इसके भी धन आवंटन की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि इस रकम से 3:025 किलोमीटर माइनर का नव निर्माण किया जाएगा

**बदमाशों ने हाईवे पर ...**पर दूर दर तक हाईवे पर कोई लाट नहीं है और न ही सीसी कैमरा और पुलिस की गश्त हैं रात में घुप्प अंधेरा होने के कारण यहां पर बदमाश लूटपाट करने के लिए घात लगाकर बैठे रहते हैं। दूधिया नगर निवासी बलवीर मौर्य को भी पुलिस हलके में ले रही है जबकि बदमाशों ने जिस तरह से वारदात को अंजाम दिया उसमें वह हत्या भी कर सकते थे। भविष्य में पुन: ऐसी घटना किसी के साथ न हो इसके लिए पीड़ित ने बकायदा पुलिस प्रशासन के साथ ही मेयर, विधायक और स्थानीय पार्षद से भी वहां लाईट की व्यवस्था, सीसी टीवी कैमरे और रात्रि गश्त करने की गुहार लगायी है।

**राज्यपाल ने केदारनाथ...**वहीं उन्होंने केदारनाथ में चल रहे पुनर्निर्माण कार्यों का भी जायजा लिया। इसके बाद वे बदरीनाथ धाम के लिए रवाना हुए। वहां उन्होंने बदी विशाल की पूजा अर्चना की।

**पुलिस ने पकड़ा...** निवासी नई बस्ती सहदोरा अलीनगर थाना पुलभट्टा द्वारा पुराना जिला पंचायत बैरियर चौकी बरा थाना पुलभट्टा द्वारा मारुति ईको रजिस्टर्ड नंबर नच 25 बच 3575 में 40 किलोग्राम अवैध गौमांस परिवहन करना व पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से दो राउंड फायर करना व अभियुक्त के कब्जे से एक आदत तमंचा 12 बोर दो खोखा कारतूस व एक जिंदा कारतूस 12 बोर बरामद किया है।

**संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा**
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
**सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र**
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
**E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in**
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# रील स्टोरी को रियल बना डीएम बने जनता के हीरो

## धामी की महत्वाकांक्षी योजना को धरातल पर उतार रहे एडीएम और एमएनए

रूद्रपुर(उद ब्यूरो)। भारतीय फिल्मों में अक्सर दिखने वाली स्टोरी रियल लाईफ में कम ही देखने को मिलती है। आज से 22 साल पहले इसी माह यानि 7 सितम्बर 2001 को भारतीय सिनेमा घरों में रिलीज हुई नायक फिल्म को देख दर्शकों का जोश दुगना हो गया था। फिल्म को देखने के बाद दर्शकों के मन-मस्तिष्क में बस एक ही प्रश्न दौड़ रहा था, काश रियल लाईफ में भी यदि ऐसा कुछ हो जाये तो आम जनता के दिन ही बदल जायेंगे। फिल्म नायक में एक दिन के लिये बने मुख्यमंत्री यानि अनिल कपूर ने 24 घण्टे में ऐसी कार्य संस्कृति स्थापित की कि पूरी जनता उनकी कार्यशैली की दिवानी हो गई। ऐसा ही कुछ नजारा रूद्रपुर में देखने को मिल रहा है। पिछले कई बरसों से नजूल भूमि पर बसे लोगों को मालिकाना हक मिलने की उम्मीद जो धुंधली होती दिख रही थी अब वह मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की बदौलत पुन: जगती हुई दिख रही है। मुख्यमंत्री श्री धामी की इस महत्वाकांक्षी योजना को जिलाधिकारी उदयराज सिंह अपने तजुर्बे से इसको धरातल पर उतारने में जुटे हुये है। इस योजना को अमली जामा पहनाने के लिये जिले के डीएम उदय राज सिंह ने अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह और नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल के साथ ऐसी कार्य संस्कृति स्थापित करने का प्रयास किया, जो अब तक सिर्फ फिल्मों में ही देखने को मिलती थी। जिलाधिकारी के नेतृत्व में जिला प्रशासन सरकार-जनता के द्वार की संकल्पना को साकार किया जा रहा है। लाल फीताशाही खत्म कर जनता के बीच में जाकर कैम्प लगा आम जनता की पत्रावलियां तैयार की जा रही है। पत्रावलिया तैयार करने में किसी को कोई दिक्कत का सामना न करना पड़े इसके लिये नगर निगम द्वारा वैण्डर, शपथ पत्र,नोटरी, फोटो कॉपी आदि की भी व्यवस्था की गई है। यहां आपको बता दे कि पूर्व में भी कांग्रेस और भाजपा सरकारों द्वारा समय-समय पर नजूल भूमि को फ्री-होल्ड कराये जाने की पॉलिसी लाई गई थी,लेकिन कभी भी इन योजनाओं का लाभ गरीब जनता को मिलता हुआ नही दिखा और न ही अधिकारियों द्वारा इसका लाभ आम जनता तक पहुंचाने की कभी कोई जहमत उठाई गई। यदि कोई अपनी भूमि को फ्री-होल्ड कराने का प्रयास करता भी था तो लाल फीताशाही के चलते फाईल कलेक्ट्रेट से तहसील और तहसील से नगर निगम ही घूमती रह जाती थी। लेकिन इस बार ऐसा होता नजर नही आ रहा बल्कि जिले के अनुभवी जिलाधिकारी द्वारा शिविर में ही ऐसी सभी आपत्तियों के निस्तारण और रिपोर्ट लगाये जाने की व्यवस्था कर दर-दर की ठोकरे खाने वाले लोगों से दुआएं लेने का काम किया है। जिलाधिकारी के निर्देशन में नजूल भूमि को फ्री-होल्ड कराने के लिये आदर्श बंगाली कालोनी में कैम्प लग चुका है और शीघ्र ही रम्पुरा में कैम्प लगाये जाने की तैयारी की जा रही है। अक्टूबर माह के अन्त तक दो हजार से अधिक पत्रावलियां हर हाल में पूर्ण कराने का प्रयास किया जा रहा है। नगर निगम के मानचित्रकार शारिक अली और नीरज सहित कई कर्मचारी सरकार के इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए दिन रात मेहनत कर रहे हैं। अपर जिलाधिकारी (नजूल )जय भारत सिंह द्वारा कई बार जनता से नजूल नीति के तहत फ्री-होल्ड कराये जाने का आहवान किया जा चुका है। साथ ही उनके द्वारा यह भी आगाह किया गया है कि पात्र व्यक्ति स्वयं इस योजना का लाभ उठाये किसी जालसाज के बहकावे में न आये। प्रशासन द्वारा फ्री-होल्ड की प्रक्रिया को पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता से अंजाम दिया जा रहा है। बहरहाल जिलाधिकारी उदय राज सिंह, मेयर रामपाल सिंह, अपर जिलाधिकारी जय भारत सिंह, नगर आयुक्त नरेश चन्द्र दुर्गापाल द्वारा स्वयं इस कार्य की मॉनिटरिंग की जा रही है ताकि अधिक से अधिक पात्र लोगों को इसका लाभ मिल सके।







# 'नेता जी' की सीएम से नजदीकियों का आम जनता को मिल रहा फायदा

## अब गरीबों को बिना पैसे खर्च किये नजूल भूमि पर मिल रहा मालिकाना हक-शर्मा

रूद्रपुर(उद ब्यूरो)। नजूल भूमि फ्री-होल्ड पॉलिसी के सरलीकरण के पीछे भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा की भी मेहनत है। पूर्व में आई फ्री-होल्ड पॉलिसी की जटिलताओं से नेता जी अच्छी तरह वाकिफ थे। उनको दूरे कराने के लिये श्री शर्मा कई बार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के आगे फरियाद लगा चुके थे और सीएम से अपनी नजदीकियों के चलते उनके द्वारा भी जनता हित में 50 वर्ग गज की भूमि के फ्री-होल्ड कराने की जटिल प्रक्रिया को आसान कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई गई। श्री शर्मा ने जिलाधिकारी,एडीएम, एमएनए और तहसीलदार से कई बार मुलाकात कर फ्रीहोल्ड की पत्रावलियों को एक ही जगह पूर्ण कराये जाने की जोरदार पैरवी की गई। भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा का कहना था कि बस्तियों में रहने वाले अधिकांश लोग मजदूरी, नौकरी पेशे वाले है। फ्री-होल्ड कराये जाने हेतु यदि वह विभागों के चक्कर काटते रहे तो उनके सामने कई समस्याएं खड़ी हो जायेगी। इसलिये कालोनियों में जा-जाकर फ्री-होल्ड की प्रक्रिया हेतु कैम्प लगाये जाये, जहां सम्बंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद हो,ताकि पात्र लोगों की पत्रावलियां शिविर में ही पूर्ण कराई जा सके। श्री शर्मा ने इसके साथ ही फ्री होल्ड करवाये जाने को लेकर आ रही व्यवहारिक समस्याओं से भी अवगत कराया गया। जिलाधिकारी ने भी मिले अधिकांश सुझाव पर कार्य करते हुये फ्री होल्ड हेतु पत्रावलियां तैयार करने की प्रक्रिया में उनको शामिल कर लिया। बरसों से केवल कागजों में ही चलने वाली फ्री-होल्ड पॉलिसी आज धरातल पर साकार होती दिख रही है। श्री शर्मा का कहना है कि धामी सरकार का प्रयास है कि इस योजना का लाभ सभी पात्र को मिले इसके लिये जोर-शोर से कार्य किया जा रहा है। श्री शर्मा ने कहा बस्तियों में रहने वाले कई लोगों को भ्रम के चलते सरकार की इस महत्वकांक्षी योजना की जानकारी नही है, इसके लिये उनके द्वारा कालोनियों में जा-जाकर लोगों को फ्री होल्ड कराने हेतु जागरूक भी किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 50 वर्ग गज के प्लाटों को नि:शुल्क फ्री-होल्ड किया जा रहा है इसके लिये पात्र व्यक्ति को किसी को भी एक रूपया देने की जरूरत नही है। उन्होंने आम जनता से अपील करते हुये कहा कि यदि किसी को फ्री होल्ड कराने में कोई दिक्कत आ रही है तो वह उनसे सम्पर्क कर सकता है। श्री शर्मा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री धामी प्रदेश के विकास के लिये कोई कसर नही छोड़ रहे है। उनका प्रयास है कि सिर्फ घोषणा नही बल्कि घोषणा को योजना का रूप देकर उसे धरातल पर उतारा जाये, जिसका लाभ प्रदेश की सभी जनता को मिले। आज श्री धामी के नेतृत्व में प्रदेश का चहुंमुखी विकास हो रहा है। प्रदेश की जनता श्री धामी की कार्यशैली से काफी प्रसन्न है। यहां आपको बता दे भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के काफी नजदीक है जिसके चलते श्री शर्मा आये दिन लोगों की समस्याओं को दूर कराने के लिये प्रशासन से मुलाकात कर उनके निस्तारण में जुटे रहते है।








गुरू मां उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन

गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू मां
36 महीने तक की EMI उपलब्ध

Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac

Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध

Easy EMI Options Available

RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000